रोहतक
गुरुवार 4 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 120
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 42.1
न्यून. 22.8


haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




हरमनप्रीत ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी 7


ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

ALLEN

JEE ADVANCED 2026
RECORD-BREAKING RESULT

INDIA'S TOP THREE RANKS

SIX STUDENTS IN TOP 10

TWENTY FOUR STUDENTS IN TOP 50




As per result compiled till 02 June 2026 (03:00 PM)

ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | OLYMPIADS | CLASSES 6TH TO 12TH & 12TH PASS
Visit our website or nearest ALLEN centre for test and course start dates.

ALLEN HISAR
95138 63444 allen.in/hisar


ALLEN ROHTAK
89513 95601 allen.in/rohtak

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.


ALLEN
OUR PRIDE
RESULT: JEE ADVANCED 2026
THE TOP 100
ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
AIR 11 Nikunj Agrawal Classroom Course
AIR 12 Aryan Ragupathy Classroom Course
AIR 14 Prince Choudhary Classroom Course
AIR 16 Tanay Agarwal Classroom Course
AIR 18 Riddhesh Bendale Classroom Course
AIR 19 Shaswat Banerjee Classroom Course
AIR 25 Madhav S. Notani Classroom Course
AIR 27 Abhipraya Verma Classroom Course
ONLINE CHAMPION
AIR 52 Yashwardhan Online Classroom Course
AIR 29 Bhavesh Patra Classroom Course
AIR 30 Amrit Raj Classroom Course
AIR 32 Mahroof Ahmed Khan Classroom Course
AIR 33 Koustubh Deshpande Classroom Course
AIR 41 Snehal Roy Choudhury Classroom Course
AIR 43 Shaurya Khemka Classroom Course
AIR 44 Yash Yadav Classroom Course
AIR 46 Surya Kanti Ghosh Classroom Course
AIR 48 Nathan Jais Classroom Course
AIR 50 Keshav Mangal Classroom Course
AIR 55 Parth Maheshwary Classroom Course
AIR 57 Piyush K. Dhakar Classroom Course
AIR 59 Sushant K. Agarwal Classroom Course
AIR 68 Anvesh Patel Classroom Course
AIR 69 Prakhar Sharma Classroom Course
AIR 70 Sneham Palangdar Classroom Course
AIR 71 Praneel Debnath Classroom Course
AIR 72 Nishkarsh Singh Classroom Course
AIR 77 Arohi Deshpande Classroom Course
AIR 79 Badekal V. Krishna Classroom Course
AIR 82 Kovid Boob Classroom Course
AIR 84 Arnav Jain Online Test Series
AIR 85 Aditya G. Wagh Classroom Course
AIR 97 Atishay Jain Classroom Course
AIR 98 Anshu Classroom Course
AIR 99 Ruchit Agrawal Classroom Course
41 STUDENTS IN TOP 100
ALLEN CHANDIGARH, HARYANA & PUNJAB CHAMPIONS
AIR 137 Yashit Kansal Classroom Course
AIR 186 Aryan Classroom Course
AIR 204 Anshveer S. Dhaliwal Classroom Course
AIR 241 Vishant Gupta Classroom Course
AIR 265 Bharat Bansal Classroom Course
AIR 400 Naman Garg Classroom Course
AIR 415 Rishabh Jain Classroom Course
AIR 463 Atishya Jain Classroom Course
AIR 585 Raghav Bansal Classroom Course
AIR 591 Bhavik Garg Classroom Course
AIR 618 Naman Popli Classroom Course
AIR 623 Jay Goyal Classroom Course
AIR 727 Debayan Mitra Classroom Course
AIR 850 Samridh Gupta Classroom Course
AIR 878 Jafarjot Singh Classroom Course
AIR 892 Piyush Singla Classroom Course
AIR 981 Atiksh Jain Classroom Course
AIR 1170 Ishan Mittal Classroom Course
AIR 1281 Bhomik Goyal Classroom Course
AIR 1282 Mehar Garg Classroom Course
AIR 1513 Aadil Goyal Classroom Course
AIR 1518 Aryan Dinesh Singla Classroom Course
AIR 1635 Aditya Sharma Classroom Course
AIR 1663 Anoop Saini Classroom Course
AIR 1764 Adit Goyal Classroom Course
AIR 1800 Vansh Arora Classroom Course
AIR 1896 Jaideep Singh Classroom Course
AIR 1967 Prabhnoor S. Kalsi Classroom Course
AIR 1973 Poorav Goyal Classroom Course
AIR 2018 Sakksham Galhotra Classroom Course
AIR 2053 Agampreet Singh Classroom Course
AIR 2060 Gurmehar Singh Classroom Course
AIR 2189 Gurshaan Singh Gill Classroom Course
AIR 2205 Divay Sud Classroom Course
AIR 2210 Kanav Mittal Classroom Course
AIR 2266 Rishabh Gupta Classroom Course
AIR 2336 Monish Gupta Classroom Course
AIR 2448 Aarav Singh Classroom Course
AIR 2520 Chinmay Prakash Classroom Course
AIR 2526 Paritosh K. Mehta Classroom Course
AIR 2532 Naman Classroom Course
AIR 2540 Khushhreet Garg Classroom Course
AIR 2687 Abhinav Jindal Classroom Course
AIR 2731 Ramyak Jain Classroom Course
8 Students in Top 500 AIR
17 Students in Top 1000 AIR
71 Students in Top 5000 AIR
124 Students in Top 10000 AIR
159 Students in Top 15000 AIR
A HISTORIC HAT-TRICK OF
AIR 1
IN JEE ADVANCED
AIR 1 2026 Shubham Kumar Classroom Course
AIR 1 2025 Rajit Gupta Classroom Course
AIR 1 2024 Ved Lahoti Classroom Course
As per result compiled till 02 June 2026 (03:00 PM)
THEY MADE IT POSSIBLE WITH ALLEN, NOW IT'S YOUR TURN.
SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
TEST DATES
7 & 14 JUNE
ALLEN HISAR
+91-9513863444
allen.ac.in/hisar
ALLEN ROHTAK
+91-8951395601
allen.ac.in/rohtak
ALLEN CHANDIGARH
+91-8951395508
allen.ac.in/chandigarh
Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.



हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# आग का तांडव

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8.45 | बजे सुबह होटल में लगी आग | 9.00 | बजे तक पूरी इमारत में फैली आग | 10 | दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची | 40 | लोगों का रेस्क्यू किया गया, 19 की हालत गंभीर | 11 | विदेशी नागरिक भी मारे गए |

**दिल्ली के मालवीय नगर में फ्लरिश स्टे होटल में हादसा**

# 6 कमरों की परमिशन, बनाए 25 आग लगने से जिंदा जले 21 लोग

## बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं, मृतकों में 10 भारतीय, 5 हरियाणा के

- ग्राउंड फ्लोर पर लगी आग, छठी मंजिल तक पहुंची
- लोगों में मची भगदड़ तीसरी-चौथी मंजिल से नीचे कूदे
- कइयों के हाथ-पैर टूटे और फ्रेक्चर भी हुए
- स्थानीय लोगों ने मदद की, जमीन पर बिछाए गद्दे
- होटल मालिक लवकेश बजाज को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 11 विदेशी नागरिक हैं। इनमें 9 अफ्रीकी और 2 तुर्कमेनिस्तान के हैं। इससे पहले यह संख्या 17 बताई गई थी। मृतक 10 भारतीयों में से 8 आपस में रिश्तेदार थे। इनमें 3 राजस्थान के और 5 हरियाणा के रहने वाले थे। हादसे में कुल 35 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 19 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। दिल्ली पुलिस ने होटल मालिक लवकेश बजाज को हिरासत में लिया है। दिल्ली फायर सर्विस और स्थानीय लोगों के मुताबिक, मालवीय नगर में मौजूद इस होटल के रेस्टोरेंट में सुबह 8.50 बजे आग लगी। आग ऊपरी मंजिलों पर बने कमरों और बेसमेंट तक पहुंच गई। बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी। वहीं, हादसे के वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी-चौथी मंजिल से कूदते नजर आ रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने जमीन पर गद्दे भी बिछाए थे। बेसमेंट से भी 6 से ज्यादा लोगों को निकाला गया। 40 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।



### रेस्टोरेंट के ऊपर था होटल

आग 6 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बने बी-एन-बी रेस्टोरेंट में लगी। कुछ देर बाद होटल में ऊपर की तरफ फैल गई। यह होटल दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड पर है। यहीं पर मैक्स हॉस्पिटल और एम्स भी है। बताया जा रहा है कि इन अस्पतालों में इलाज कराने आने वालों के परिजन भी इस होटल में रुका करते थे।

### एम्स में 13 लोग भर्ती

मैक्स अस्पताल के अधिकारी के मुताबिक कुल 39 लोगों को यहां लाया गया। इनमें से 18 की पहले ही मौत हो चुकी थी। 5 लोगों को हल्की चोटें थीं। उन्हें डिस्चार्ज किया गया है। 15 लोग आईसीयू में एडमिट हैं, इनमें से 8 वेंटिलेटर पर हैं। जिनकी हालत गंभीर है। एम्स में 13 लोगों का इलाज जारी है।

### नियमों का खुला उल्लंघन

- फ्लरिस स्टे गेस्टहाउस को बेड एंड ब्रेकफास्ट कॉन्सेप्ट के तहत लाइसेंस जारी किया गया था। इसके तहत 6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे बने थे।
- आग लगने के बाद होटल के रेस्टोरेंट के बेसमेंट में भी काफी लोग फंसे थे। इसमें अंदर जाने और बाहर निकलने का रास्ता एक ही था, जो बहुत संकरा था
- होटल के पास फायर एनओसी नहीं थी। आने-जाने का भी एक ही रास्ता था।

### होटल में तीन पार्टनर

दिल्ली पुलिस ने कहा कि होटल का मालिक लोकेश बजाज है। होटल को तीन पार्टनर चलाते थे। इनके बारे में कहा जा रहा है कि ये लोग दिल्ली में कई होटल और गेस्ट हाउस के मालिक हैं। पुलिस और दूसरी जांच एजेंसियां मालिकाना हक, ऑपरेशन और फायर सेफ्टी स्टैंडर्ड के पालन की जांच कर रही हैं।

### सरकार करेगी होटलों की जांच

हादसे के बाद दिल्ली सरकार ने एक्शन लेते हुए ऐलान किया कि बीएंडबी पॉलिसी वापस ली जाएगी और सभी संस्थानों की जांच करवाई जाएगी। एक हाई लेवल ज्वाइंट कमेटी अवैध होटलों पर भी कार्रवाई करेगी।

*गुरुग्राम के सीए का परिवार झुलसा*

## जिंदा जले 5 सदस्य, 3 रिश्तेदार भी मारे गए



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

दिल्ली के मालवीय नगर में फ्लरिश होटल में लगी आग में गुरुग्राम के चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) विवेक अग्रवाल की परिवार व रिश्तेदारों के 8 सदस्यों की झुलसने से मौत हो गई। विवेक अग्रवाल के पिता राधे श्याम अग्रवाल दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं और वेंटिलेटर पर बताए जाते हैं। मंगलवार को विवेक अग्रवाल मां, पत्नी, दो बेटियों संग अस्पताल गए थे। साथ में राजस्थान से आए मामा, मौसी व मौसा भी थे। ससुर प्रेम बंसल ने बताया कि उनके बेटी-दामाद समेत सभी 8 जने होटल में थे। ये लोग होटल के रेस्टोरेंट में ब्रेकफास्ट कर रहे थे तभी होटल में आग लग गई। विवेक अग्रवाल गुरुग्राम के सेक्टर-46 में रहते थे। विवेक अग्रवाल पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। विवेक अग्रवाल के अलावा उनकी पत्नी तर्जनी अग्रवाल, मां प्रेमलता अग्रवाल, बड़ी बेटी एंजल अग्रवाल, छोटी बेटी पर्ल, मामा अशोक पंसारी, मौसा जवरी लाल और मौसी कमला भी हादसे का शिकार हुईं। मामाजी किशनगंज से आए थे और मौसा-मौसी अजमेर से आए थे।

### पिता मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती

विवेक के ससुर प्रेम बंसल ने बताया कि बेटी तर्जनी का सुबह 9 बजे फोन आया तो वो उसने बताया कि वो होटल में रूम लेकर रह रहे थे। होटल में सुबह आग लग गई। विवेक के पिता दो दिन से मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती हैं। पूरा परिवार मंगलवार को उन्हें देखने हॉस्पिटल गया था।

**खबर संक्षेप**

### हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष बने



**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने हरियाणा के प्रभारी रहे पार्टी के विश्वसनीय नेता बी के हरिप्रसाद को कर्नाटक का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। 71 साल के बी के हरिप्रसाद कांग्रेस डीके शिवकुमार की जगह लेंगे। डीके लंबे वक्त से संगठन की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्हीं की अगुवाई में कांग्रेस ने 2023 में जीत हासिल की थी। अब कर्नाटक में हरिप्रसाद और डीके शिवकुमार की जोड़ी कांग्रेस को आगे लेकर बढ़ेगी। पहले सिद्धारमैया खेमे के सतीश जारकीहोली का नाम भी सामने आया था। डीके के सीएम की कुर्सी संभालते ही नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान कर दिया। *एजेंसी*

*तेहरान का अमेरिका पर तंज देखी हमारी ताकत*

## ईरान ने कुवैत पर किया अब तक का सबसे बड़ा हमला

**एजेंसी ▶▶ तेहरान/वॉशिंगटन डीसी**

ईरान ने कुवैत पर बुधवार को अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरान ने 13 मिसाइलें दागीं, 17 ड्रोन से हमला किया। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। कई लोगों की हालत गंभीर है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना पर शोक जताया है। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कई लोगों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। इससे पहले अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया था कि ईरान ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैनिकों पर फिर ड्रोन हमले किए। इराक के प्रधानमंत्री अली अल-जाइदी ने देश के कुर्द इलाकों में तेल कंपनियों को अपना कामकाज फिर से शुरू करने का आदेश दिया है।



**एयरपोर्ट पर दागीं 13 मिसाइलें और 17 ड्रोन, भारतीय की मौत 63 लोग घायल, कई गंभीर**

## प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश संभव

**50 से 60 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं**

**हरिभूमि टीम (हरियाणा)।** प्रदेश में गुरुवार से मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पूरे प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 6 जून तक मौसम का यह बदलाव बना रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पंजाब के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने की संभावना है।

**आज केरल तट से टकराएगा मानसून**

मानसून 4 जून को ये केरल के तट से टकराएगा। इसके बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। केरल से होते हुए मॉनसून, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाण और दिल्ली में दस्तक देगा। इस बार मानसून तीन दिन देरी से केरल पहुंच रहा है। आमतौर पर यह 1 जून को दस्तक देता है। भारतीय विभाग ने इस साल भारत में औसत से कम बारिश होने का अनुमान जताया है।

## डीके शिवकुमार कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री बने



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नए उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे।

**जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने, सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली**

*तृणमूल में बड़ी टूट, 58 ने बनाया नया गुट*

## विधायक बोले-अभिषेक तेरी खैर नहीं, ममता से बैर नहीं

- ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना
- दावा-स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष माना

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में बड़ी टूट सामने आई है। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों ने अलग गुट बना लिया है। उन्होंने दावा किया कि उनके साथ दो और विधायक भी हैं। ऋतब्रत ने बुधवार को कहा कि 58 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस को समर्थन पत्र देकर उन्हें विधायक दल का नेता और नेता विपक्ष घोषित करने की मांग की, जिसे स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। हालांकि, अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। बागी गुट ने अपने पत्र में ममता बनर्जी को अब भी पार्टी अध्यक्ष बताया है। लेकिन अभिषेक बनर्जी का नेतृत्व और विधायक दल से जुड़े फैसलों को मानने से इनकार किया है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष के चयन से जुड़े प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।



*हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला*

## सरकार को शिक्षकों की कैडर परिवर्तन नीति बनाने की छूट



**शिक्षकों की आपत्तियों और भेदभाव संबंधी चिंताओं पर विचार करने के निर्देश**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में शिक्षकों के तबादलों से जुड़ी कैडर परिवर्तन नीति को लेकर चल रहे विवाद के बीच हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नई और उपयुक्त नीति बनाने की छूट दे दी है। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया है कि नई नीति तैयार करते समय शिक्षकों द्वारा उठाई गई सभी कानूनी और व्यावहारिक आपत्तियों, विशेष रूप से भेदभाव, वरिष्ठता और सेवा शर्तों से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की खंडपीठ ने जूनियर बेसिक ट्रेनिंग (जेबीटी) शिक्षकों द्वारा दायर याचिकाओं के एक समूह का निपटारा करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाओं में हरियाणा सरकार की उस कैडर परिवर्तन नीति को चुनौती दी गई थी, जो राज्य की स्थानांतरण व्यवस्था से जुड़ी हुई है। याचिकाकर्ता शिक्षकों का कहना था कि इस नीति के तहत तबादलों के दौरान शिक्षकों को एक कैडर से दूसरे कैडर में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे उनकी नौकरी की सुरक्षा, वरिष्ठता, पदोन्नति की संभावनाएं और सेवा शर्तें प्रभावित हो सकती हैं।

**दो महान खिलाड़ियों ने दिखाया फुटबाल पैरों से ही नहीं दिमाग से भी खेली जाती है**

# 41 के रोनाल्डो और 39 के मैसी अब भी बेमिसाल



**सेंट्रल डेस्क ▶▶ रोहतक**

41 वर्ष की उम्र में अधिकांश फुटबॉलर संन्यास ले चुके होते हैं। उनका शरीर खेल की लगातार शारीरिक मांगों को पूरा नहीं कर पाता। लेकिन क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस धारणा को लगातार गलत साबित कर रहे हैं। वह आज भी दुनिया के सबसे फिट और प्रभावशाली खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उनकी लंबी सफलता केवल अच्छी जेनेटिक्स या किस्मत का परिणाम नहीं है, बल्कि अनुशासन, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, संतुलित जीवनशैली और सबसे बढ़कर समय के साथ खुद को बदलने की क्षमता का नतीजा है।

- फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता बेमिसाल
- रोनाल्डो एक सख्त डाइट का पालन करते हैं।
- स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी उनकी फिटनेस का एक महत्वपूर्ण आधार है।
- केवल मांसपेशियां बढ़ाने पर ध्यान नहीं।
- संतुलन, लचीलापन और चोटों से बचाव को प्राथमिकता

### खुद को समय के अनुसार ढाला

उन्होंने उम्र की वास्तविकता से लड़ने के बजाय खुद को उसके अनुसार ढालने का फैसला किया। धीरे-धीरे उन्होंने एक विंगर से एक अधिक प्रभावी और कुशल फॉरवर्ड का रूप ले लिया। अब उनका खेल लगातार दौड़ने पर नहीं, बल्कि सही समय पर सही जगह मौजूद रहने, समझदारी भरी मूवमेंट और सटीक फिनिशिंग पर आधारित है। इससे पेनल्टी बॉक्स के भीतर उनकी मूवमेंट और भी धारदार हो गई, जिससे वे कम प्रयास में अधिक गोल करने लगे।

**जैसे-जैसे उम्र बढ़ी, रोनाल्डो ने समझ लिया कि हमेशा ऐसा खेल संभव नहीं है, और तकनीक बदली।**

### मैसी एक विस्फोटक खिलाड़ी

वहीं, दूसरी ओर 39 वर्ष की उम्र में भी लियोनेल मैसी दुनिया के सबसे प्रभावशाली फुटबॉलरों में गिने जाते हैं। भले ही उनकी रफ्तार पहले जैसी न रही हो, लेकिन मैदान पर उनका प्रभाव आज भी उतना ही गहरा है। अपने शुरुआती वर्षों में मैसी एक विस्फोटक खिलाड़ी थे। बार्सिलोना के लिए खेलते हुए वह लगातार गेंद के साथ लंबी दौड़ लगाते, कई खिलाड़ियों को चकमा देते और लगभग हर हमले की शुरुआत तथा समाप्ति में शामिल रहते थे। उनकी तेजी और ड्रिब्लिंग विपक्षी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा थी।

### गति को नियंत्रित किया

अब वह हर हमले में शामिल होने के बजाय खेल की गति को नियंत्रित करते हैं। वह जानते हैं कि कब खेल को धीमा करना है और कब अचानक तेजी लाकर विपक्षी टीम को चौंका देना है। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि फुटबॉल केवल पैरों से नहीं, बल्कि दिमाग से भी खेला जाता है।

- शारीरिक देखभाल अधिक वैज्ञानिक
- मैसी को कई बार चोटों का सामना करना पड़ा।
- आहार, प्रशिक्षण व रिकवरी पर विशेष ध्यान देना शुरू किया।
- ताकत और संतुलन पर विशेष जोर दिया।
- लो सेंटर ऑफ ग्रैविटी, संतुलन व दिशा बदलने की क्षमता बेहतरीन है लियोनेल मैसी में।

(खेल पेज भी देखें)



## खबर संक्षेप

### एचसीएस मनीष को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त निदेशक मनीष कुमार लोहान को तत्काल प्रभाव से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग का अतिरिक्त निदेशक लगाया है। इसके अतिरिक्त, उन्हें खान एवं भू-विज्ञान विभाग के अतिरिक्त निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है।

### राजस्व विभाग के 33 अधिकारी पदोन्नत

**चंडीगढ़।** राजस्व विभाग में तैनात 33 कानूनगो और जिला राजस्व लेखाकार को पदोन्नति देकर नायब तहसीलदार बनाया गया है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त डा. सुमिता मिश्रा ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को नए कार्यस्थल अलॉट कर दिए हैं। इन नियुक्तियों से भूमि प्रशासन, राजस्व संग्रहण, म्यूटेशन (नामांतरण) कार्य, रिकार्ड प्रबंधन और आमजन को दी जाने वाली सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। नए नायब तहसीलदारों को पानीपत, सिरसा, महेंद्रगढ़, कालांवाली, बेरी, हांसी, नारनौल, जगाधरी, वजीराबाद, फतेहाबाद, चरखी दादरी, हिसार, पलवल, मोहना, गोहाना, फरुखनगर, सांपला, सोनीपत, रतिया, करनाल, डबवाली, अंबाला, राय, प्रतापनगर (यमुनानगर), रोहतक तथा चंडीगढ़ स्थित वित्तायुक्त राजस्व कार्यालय में लगाया गया है।

### मिशन ओलंपिक 2036 में जुटी सरकार

**चंडीगढ़।** मिशन ओलंपिक्स-2036 को ध्यान में रखते हुए, हरियाणा सरकार ने बड़े पैमाने पर प्रतिभावान खिलाड़ी तैयार करने का बीड़ा उठाया है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'मिशन ओलंपिक्स-2036-विजयी भवः' के तहत 8 से 10 वर्ष के आयु वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान कर उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण और जरूरी सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसके लिए वित्त विभाग से प्रारंभिक वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है।

### मतदाता सूची: 15 जून से घर-घर सत्यापन

**चंडीगढ़।** हरियाणा में करीब 24 वर्ष बाद मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान शुरू किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह अभियान 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक चलेगा, जिसके तहत बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अभियान को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्य में तेजी से होगा कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री ने एक्सईएन को लगाई फटकार, बोले- ट्रांसफार्मर लगाकर मुझे फोटो भेजो

## मोरनी में ट्रांसफार्मर शिकायत पर सख्त हुए सीएम, ठेकेदार पर एफआईआर के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

पंचकूला जिले के मोरनी स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिजली विभाग के अधिकारियों पर सख्त नजर आए। मोरनी क्षेत्र के एक ग्रामीण द्वारा ट्रांसफार्मर संबंधी समस्या उठाए जाने पर मुख्यमंत्री ने बिजली निगम के एक्सईएन ललित अत्री को जमकर फटकार लगाई और अगले ही दिन ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्रामीण कश्मीर सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से जुड़ी समस्या वर्ष 2021 से लंबित है।



### बोले- लोग कब तक अधिकारियों के पीछे घूमते रहेंगे

पिछले पांच वर्षों से ग्रामीण विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। शिकायत सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद एक्सईएन से जवाब तलब किया। अधिकारी ने बताया कि संबंधित कार्य का ठेका लेने वाला ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर चला गया था, जिसके बाद अब दूसरे ठेकेदार को काम आवंटित किया गया है। इस जवाब पर मुख्यमंत्री नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि आखिर कब तक लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों के पीछे घूमते रहेंगे। जब एक्सईएन ने कार्य पूरा करने के लिए एक महीने का समय मांगा तो मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि किसी भी हालत में अगले दिन तक ट्रांसफार्मर लगाया जाए।

## मोरनी में होगी मसालों की खेती, एमडीएच से करार

■ 4 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती की योजना, किसानों को बाजार भाव से 10% अधिक मिलेगा मूल्य

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में मोरनी में देश की प्रतिष्ठित मसाला कंपनी एमडीएच और छह किसान उत्पादक संगठनों के बीच महत्वपूर्ण करार हुआ। इस समझौते के तहत मोरनी क्षेत्र में अदरक, हल्दी, मिर्च सहित विभिन्न मसाला फसलों की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, नए बाजारों और अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में करीब 4 हजार एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती शुरू करने की योजना बनाई गई है। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को किसी प्रकार का नुकसान होने पर भरपाई की जाएगी, जबकि कंपनी बाजार भाव से 10 प्रतिशत अधिक मूल्य पर फसल खरीदेगी।समझौते के तहत एमडीएच किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, विपणन और खरीद संबंधी सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में एफपीओ अफ्रीकी देशों को निर्यात करेंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल को सीएम सैनी ने किया नमन



**हिसार।** पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल की 15वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को आदमपुर स्थित उनकी समाधि स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। सुबह करीब 9 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आदमपुर पहुंचे और स्वर्गीय चौधरी भजनलाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने समाधि स्थल की परिक्रमा की और बिश्नोई परिवार के साथ वह 20 मिनट बैठे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी भजनलाल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और हरियाणा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अर्चना गुप्ता बनीं हरियाणा भाजपा की अध्यक्ष, संभाली संगठन की कमान

■ सीएम सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, बड़ौली ने पहनाई पगड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में आयोजित समारोह में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उन्हें पगड़ी पहनाकर स्वागत किया तथा नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी नेतृत्व ने डॉ. अर्चना गुप्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भाजपा गांव-गांव, घर-घर और बूथ-बूथ तक पहुंचेगी तथा संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। समारोह में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री सैनी ने पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों को पदभार ग्रहण करवाया

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों को पदभार ग्रहण करवाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री पंजाब में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए और ढिल्लों को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि केवल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में पार्टी मजबूत होगी।



## पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने डॉ. अर्चना गुप्ता को दी बधाई



■ बोले, डॉ. गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के और अधिक सशक्त होगा

■ कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनसेवा करने का आह्वान किया

**चंडीगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पदभार ग्रहण करने पर डॉ. गुप्ता का अभिनंदन करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने एक अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कैप्टन अभिमन्यु ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां मेहनत और समर्पण के बल पर कार्यकर्ताओं को नेतृत्व का अवसर मिलता है।

## महंगाई और बिजली- पानी पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

■पार्टी विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति



**चंडीगढ़।** कांग्रेस विधायक दल की अहम बैठक बुधवार को नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। बैठक में महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, पेपर लीक, भर्ती रद्द होने, एनईईटी परीक्षा, बैंक घोटालों, बिजली-पानी की किल्लत तथा कानून व्यवस्था जैसे जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस विधायकों ने इन मुद्दों को लेकर बड़े स्तर पर आंदोलन चलाने का सुझाव दिया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### जनता से जुड़े हर मुद्दे को उठाएंगे : हुड्डा

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े हर मुद्दे को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने सभी विधायकों, जिला स्तरीय नेताओं और बीएलए को 15 जुलाई तक एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर नजर रखी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी वैध मतदाता सूची से बाहर न हो। हुड्डा ने बताया कि 15 जुलाई के बाद कांग्रेस विधायक दल की अगली बैठक होगी, जिसमें आगामी कार्यक्रमों और जनआंदोलनों की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेशभर में जन-जन तक पहुंचकर जनता की आवाज उठाएगी।

## हरियाणा पुलिस का नया 'क्राइम इंटेलिजेंस मॉडल'

# 10,892 जघन्य अपराधियों पर डिजिटल निगरानी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नया 'क्राइम इंटेलिजेंस मॉडल' लागू किया है। इसके तहत रोहतक, झज्जर, सोनीपत और फरीदाबाद जिलों में गठित विशेष आरजेएसएफ (रोहतक-झज्जर-सोनीपत-फरीदाबाद) यूनिट पिछले दस वर्षों में जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों का विस्तृत डाटाबेस तैयार कर उनकी लगातार निगरानी कर रही है। इस पहल का उद्देश्य संगठित अपराध पर अंकुश लगाना और संभावित अपराधों को पहले ही रोकना है। पंचकूला में पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में बताया गया कि यूनिट ने हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल 10,892 अपराधियों का डाटाबेस तैयार किया है। इसमें अपराधियों का आपराधिक इतिहास, संपर्क, सामाजिक पृष्ठभूमि और वर्तमान गतिविधियों का रिकॉर्ड शामिल है।

### रोहतक के बाद चार जिलों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू



रोहतक रेंज के आईजी सिमरदीप सिंह ने बताया कि यह मॉडल पहले रोहतक में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था, जिसे अब चार जिलों में लागू किया जा चुका है। यूनिट गैंगस्टरों की नई भर्ती रोकने और अपराध की आशंका वाले व्यक्तियों पर भी नजर रख रही है। बैठक में यह भी बताया गया कि हरियाणा एसटीएफ ने पिछले तीन वर्षों में 941 गैंग सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वहीं 22 वांछित गैंगस्टरों को विदेशों से भारत वापस लाया जा चुका है, जबकि 14 अन्य गैंगस्टर विभिन्न देशों में हिरासत में हैं। डीजीपी ने अधिकारियों को अपराधियों और गैंग नेटवर्क पर सतत निगरानी रखने तथा जिलों के बीच सूचना साझा करने के निर्देश दिए।

## गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण के ऑडिट में मिली कमियों पर सख्त कार्रवाई, छह अधिकारी निलंबित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य की आधारभूत ढांचा परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण की ऑडिट रिपोर्ट में सामने आई कमियों पर कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग और विकास एवं पंचायत विभाग के कुल छह अधिकारियों को निलंबित किया गया है। चंडीगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को प्राधिकरण की टिप्पणियों पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय की जाए तथा जरूरत पड़ने पर रिकवरी भी की जाए। बैठक में प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने विभिन्न विभागों की परियोजनाओं के तकनीकी ऑडिट की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, थर्ड पार्टी निरीक्षण अनिवार्य करने तथा परियोजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के निर्देश दिए।

### हरियाणा को पीएम सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना' में मिलेंगे तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 4 जून 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम पीएम सूर्य घर के दो वर्षः 1 करोड़ छतों तक सौर ऊर्जा का विस्तार के दौरान हरियाणा को तीन विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। हरियाणा सरकार के विशेष ऊर्जा सचिव तथा यूएचबीवीएन वडीएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया प्रदेश को छह पुरस्कार मिलेंगे।

**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री शिवम श्रीमती अंजू कुमारी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10926510) | 08-मई -2026, रु. 743958/- (रुपये सात लाख तैंतालीस हजार नौ सौ अठावन केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- सम्पत्ति खेवट नं. 161 खतौनी नं. 392 मुरब्बा नं. 68 खसरा नं. 22/1(1-12), 123/10(0-1) किते 2 और अन्य कुरुक्षेत्र, हरियाणा 136131, भारत। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3024 |
| श्री नवाब सिंह श्रीमती चमखोर सिंह श्रीमती सुरजीत कौर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10870107) | 08-मई -2026, रु. 1632717/- (रुपये सोलह लाख बत्तीस हजार सात सौ सत्रह केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- आर/ओ वार्ड नं. 12, असंध, तहसील असंध व जिला करनाल-132039 में स्थित सम्पत्ति आईडी नं. 6anp3999, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1620 |
| श्री निर्मल सिंह श्रीमती सुमन (प्रोस्पेक्ट नं. IL10521936) | 08- मई -2026, रु. 1061848/- (रुपये दस लाख इकसठ हजार आठ सौ अड़तालीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खेम नगर भिवानी रोड जीन्द 126102 में स्थित सम्पत्ति नं. 3klu7bq45, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा 132001 / 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 04.06.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में माता दरवाजा तालाब के पुनरोद्धार हेतु आकलन (पुनः आमंत्रण)। | 02.06.2026 12.06.2026 | रु. 99.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45872/I/88/6 दि. 03.06.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद पटौदी जटौली मण्डी | देवलावास शमशान घाट वार्ड नं. 21 एम.सी., पटौदी जाटौली मण्डी में चारदिवारी, शैड का निर्माण और अन्य कार्य + 2 कार्य। | 02.06.2026 08.06.2026 | रु.1,30,82,509/- | https://etenders.hry.nic.in | 8826797251 eomcpataudimandi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45873/I/88/6 दि. 03.06.26

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव फरल में आवासीय स्टाफ क्वार्टर्स के निर्माण हेतु बकाया कार्य (सी.एम. घोषणा कोड नं. 22101 दिनांक 08.06.2018)। | बंद होने की तिथि 11.06.2026 | 89.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 pwdeepd2ktl@gmail.com |
| 2 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | करनाल में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास (बलारी बाई-पास)। | 01.06.2026 15.06.2026 | 637 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 landbuilding0002@gmail.com |
| 3 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | पिपली (कुरुक्षेत्र) में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास। | 01.06.2026 15.06.2026 | 272 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 landbuilding0002@gmail.com |
| 4 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सेक्टर-29, गुरूग्राम में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास। | 01.06.2026 15.06.2026 | 252 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 landbuilding0002@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | गांव - टिगराना में 5 अदद खेत खलिहान रास्ता आईपीबी की पेवमेंट (सीएम घोषणा 24219) जीपी। | 29.05.2026 15.06.2026 | 143.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पुरखास धिरान, ब्लॉक गन्नौर में श्री कृष्ण द्वार पर धौलपुर स्टोन का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 30.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 7 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | जैव-रसायन विभाग हेतु मद अर्थात कंज्यूमेबल्स रीजेंट्स/किट्स (फेरिटिन एलिसा किट) की अधिप्राप्ति हेतु ई-निविदा के लिए विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में + 6 कार्य। | 03.06.2026 10.06.2026 | ईएमडी 70,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | मुंशीवाला माइनर 0-87430 की सफाई + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.06.2026 | 13.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 05.06.2026 12.06.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 10 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में एचवीएसी सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 05.06.2026 22.06.2026 | 1.20 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में ऑर्थोपेडिक्स, सर्जरी और ओबीएस एवं गाइनी विभाग के लिए विभिन्न औषधियों की खरीद हेतु निविदा। | 05.06.2026 22.06.2026 | 3.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 12 | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा पंचकूला | वेटरीनरी हाइपोडर्मिक सिरिंजेज की अधिप्राप्ति। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | ईएमडी 1 लाख | https:pashudhanharyana.gov.in/ | 9468366353 animalwelfareboardharyana@gmail.com |
| 13 | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा पंचकूला | वेटरीनरी हाइपोडर्मिक निडल्स 16जी×1½'' की अधिप्राप्ति। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | ईएमडी 1 लाख | https:pashudhanharyana.gov.in/ | 9468366353 animalwelfareboardharyana@gmail.com |
| 14 | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा पंचकूला | वेटरीनरी हाइपोडर्मिक निडल्स 18जी×1½'' की अधिप्राप्ति। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | ईएमडी 1 लाख | https:pashudhanharyana.gov.in/ | 9468366353 animalwelfareboardharyana@gmail.com |
| 15 | जिला परिषद सोनीपत | जैडपी सोनीपत के तहत विभिन्न स्थानों पर 45 अदद वाटर टैंकर की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 89.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/300/45869/I/88/6 दि. 03.06.26

# रेप के आरोपी रिटायर्ड डॉक्टर की नियुक्ति पर उठे सवाल

15 वर्षीय किशोरी से अस्पताल में हुआ था दुराचार, महिला आयोग ने स्वास्थ्य विभाग से तीन दिन में मांगा जवाब

● आरोपी डॉक्टर को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



नागरिक अस्पताल में 15 साल की नाबालिग से रेप के आरोप में गिरफ्तार रिटायर्ड डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा शैली की दोबारा नियुक्ति अब बड़े सवालों के घेरे में आ गई है। हरियाणा राज्य महिला आयोग ने स्वास्थ्य विभाग से 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। महिला आयोग ने पूछा है कि आखिर एक रिटायर्ड सीनियर मेडिकल ऑफिसर को दोबारा डॉक्टर/कंसलटेंट के तौर पर किस नियम और प्रक्रिया के तहत एलएनजेपी अस्पताल में नियुक्त किया गया। आयोग ने साफ कहा है कि मामला बेहद गंभीर है, क्योंकि अस्पतालों में महिलाएं और बच्चे इलाज के लिए आते हैं। महिला आयोग के सवालों से साफ है कि विभागीय स्तर पर सिर्फ मौजूदा मामले ही नहीं, बल्कि डॉक्टर की पूरी सेवा पृष्ठभूमि की पड़ताल हो सकती है। वहीं, पुलिस ने आरोपी सेवानिवृत्त डॉक्टर को जेल भेज दिया। पुलिस द्वारा मामले में एससी/एसटी एक्ट की धारा भी जोड़ी गई है। बता दें कि 15 वर्षीय किशोरी 29 मई को अस्पताल में भर्ती हुई थी। वहां उसके साथ डॉक्टर द्वारा गलत काम करने का आरोप लगाया गया है। आरोपी डॉ. शैलेंद्र शैली को गिरफ्तार कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से कपड़े व मोबाइल फोन बरामद किया गया।




## खबर संक्षेप

### बड़े भाई की हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**जींद।** जिला सत्र एवं न्यायाधीश पूनम सुनेजा की अदालत ने बड़े भाई की हत्या के मामले में छोटे भाई को दोषी करार देते हुए उम्रकैद व 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, गांव लोधर निवासी संदीप की पत्नी ममता ने 18 मई 2024 को उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि संदीप तथा उसका भाई सुनील खेत में मकान बनाकर रह रहे थे। दोनों भाइयों में कहासुनी हो गई। शराब के नशे मे धुत सुनील ने अपने बड़े भाई संदीप पर लाठी तथा तेजधार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें संदीप की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया था और आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर लिया था।

### जीएसटी चोरी के शक में 19 वाहन पकड़े

**फरीदाबाद।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जीएसटी चोरी के शक में 19 कमर्शियल वाहनों को पकड़कर जीएसटी विभाग के हवाले किया। वाहनों में भरे किरयाने के सामान के दस्तावेजों और बिलों की जांच की जा रही है। अनियमितता मिलने पर संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता को सूचना मिली थी कि दिल्ली से परचून और अन्य व्यावसायिक सामान लेकर कई वाहन फरीदाबाद के रास्ते उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों की ओर जाते हैं। आरोप था कि इन वाहनों में लदे सामान के पास पूरे और वैध दस्तावेज नहीं होते, जिससे जीएसटी राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उड़न दस्ते ने सुबह के समय सीकरी नाका पुलिस चौकी के पास विशेष जांच अभियान चलाया।

# फतेहाबाद और झज्जर में बेरहमी से दो लोगों की हत्या, आरोपी फरार

## मुखबिरी के शक में युवक को काटा, फिर गाड़ी से कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

फतेहाबाद जिले के भूना शहर में मंगलवार देर रात बदमाशों ने सरेआम एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। हमलावरों ने न केवल युवक पर तेजधार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए, बल्कि उसके शरीर पर गाड़ी भी चढ़ा दी। इस सनसनीखेज वारदात के पीछे कुख्यात विक्रम भांभू गैंग का हाथ बताया जा रहा है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गैंग को शक था कि मृतक युवक पुलिस के लिए उनकी मुखबिरी करता था। भूना के वार्ड नंबर 5 निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका भतीजा सचिन मजदूरी करता था। मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे सचिन अपने दो दोस्तों पवन और भीम के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर शहीद उधम सिंह चौक से शहर की तरफ आ रहा था। तभी अचानक पार्क के पास 7 से 8 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए करीब 25 बदमाशों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। हमलावरों के चेहरे कपड़े से ढके हुए थे और उनके हाथों में लोहे की रॉड, डंडे और तेजधार हथियार थे। जान बचाने के लिए पवन ने बाइक भगाई। बदमाशों द्वारा पीछा करने पर खुद को घिरता देख सचिन बाइक से कूदकर भागने लगा, लेकिन पीछा कर रहे आरोपियों ने उसे दबोच लिया और बेरहमी से काटना शुरू कर दिया। सचिन के दोस्तों ने तुरंत इस बात की जानकारी परिवार को दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचे, हमलावर सचिन को हिसार रोड पर फेंककर फरार हो चुके थे। सचिन को अस्पताल में लेकर गए तो वहां उसने हमलावरों के नाम बताए। हिसार अस्पताल में ले जाते हुए उसकी मौत हो गई।



विक्रम भांभू गैंग पर शक, 25 बदमाशों ने घेरकर मारा

### पुलिस ने 9 नामजद व 15 अन्य पर केस दर्ज किया

इस वारदात की सूचना मिलते ही डीएसपी नरसिंह और सीआईए की टीमें भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने दीपा उर्फ बिल्ला, सौरभ जग्गा, प्रवीन उर्फ पिनी, कार्तिक उर्फ कारू, अमन, कुशाल, सुरजीत, जज और चिड़ीमार सहित 15 अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## डीघल के साहिल हत्याकांड में आरोपी के चाचा का मर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

डीघल गांव में रंजिश के चलते हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब डेढ़ माह पूर्व हुए साहिल हत्याकांड के बाद अब मंगलवार रात को हत्यारोपी के दिव्यांग चाचा की दो नकाबपोश युवकों ने आठ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मृतक साहिल के चचेरे भाई व उसके साथियों पर लगा है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। परिजनों को पता चलने पर सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह, डीसीपी क्राइम शुभम सिंह, एसीपी शमशेर सिंह, एसीपी अनिल कुमार, सीआईए व थाना टीम मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। मृतक की पहचान करीब पचास वर्षीय जितेंद्र पुत्र धर्मबीर निवासी गांव डीघल के तौर पर की गई है। एसीपी शमशेर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर किया गया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



दो युवकों ने घर में घुसकर दिव्यांग को 8 गोलियां मारी

### बंटी ने दी थी साहिल की हत्या का बदला लेने की चेतावनी

मृतक के भाई सोमबीर का कहना है कि उसका बेटा योगेश उर्फ योगी गांव के ही साहिल उर्फ सोनू की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। उसके भाई जितेंद्र की हत्या मृतक साहिल उर्फ सोनू के चचेरे भाई अमन उर्फ बंटी ने अपने साथियों के साथ मिलकर की है। सोमबीर का कहना है कि अमन उर्फ बंटी ने कुछ दिन पहले साहिल उर्फ सोनू की मौत का बदला लेने की बात कही थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**रेवाड़ी की महिला की हत्या में खुलासा**

## शराब पीने से रोकने पर पति ने की थी हत्या, शव जंगल में फेंक आया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

माखरिया की ढाणी के पास पहाड़ी वन क्षेत्र में मिले महिला के शव मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तारी कर लिया है। पति ने स्वीकार किया कि शराब पीने का विरोध करने से तंग आकर उसने पत्नी की गला दबाकर हत्या की थी। रविवार को वन क्षेत्र में महिला का शव चटाई में लिपटा मिला था। मृतका के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। काफी प्रयास के बाद उसकी पहचान मंदोला निवासी कंवरपाल की पत्नी ज्योति के रूप में हुई। कंवरपाल घर से लापता मिला, जबकि उसका फोन बंद था। पुलिस ने बुधवार को कंवरपाल को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि 30 मई को वह शराब पीकर घर आया तो उसकी पत्नी से झगड़ा हो गया। गुस्से में उसने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। शव बाथरूम में बंद करने के बाद वह और शराब पीने के लिए चला गया। 31 मई को सुबह 3 बजे वह शव बाइक पर रखकर बणी में फेंकने के बाद फरार हो गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी कंवरपाल।

### ज्योति ने 2018 में मंदिर में की थी शादी

पुलिस ने ज्योति के पिता यूपी के प्रतापगढ़ जिले के कुमीड़िया निवासी राम आधार को सूचना दी। पिता ने बताया कि ज्योति ने वर्ष 2018 में कंवरपाल के साथ मंदिर में शादी की थी। शादी के बाद वह शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि आरोपी कंवरपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने व अन्य जानकारी जुटाने के लिए उसे वीरवार को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा।

## कार एजेंसी में आग से जलीं गाड़ियां



**कैथल।** कैथल में अंबाला रोड पर स्थित केआईए गाड़ियों की एजेंसी में बुधवार को अचानक आग लग गई। इस कारण एजेंसी में खड़ी तीन गाड़ियां पूरी तरह से जल गई, जबकि पांच अन्य गाड़ियों को भी काफी नुकसान हुआ है। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। एजेंसी के मैनेजर शिवराम सिंह ने बताया कि आग गाड़ियों की एजेंसी के साथ एक खाली प्लॉट में घास फूंस में आग लगी थी। यह पता नहीं लग पाया है कि यह आग किसने लगाई है। मैनेजर ने बताया कि इस हादसे में एजेंसी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

**टीजीटी अंग्रेजी की संशोधित सूची का मामला हाईकोर्ट पहुंचा**

## नौकरी से बाहर होने वाले शिक्षकों को राहत सेवाओं पर यथास्थिति रखने का आदेश

- हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब
- याचियों ने कहा–मेरिट पर हुई थी हमारी भर्ती, अब दो साल सेवा देते हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में टीजीटी (अंग्रेजी) भर्ती से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कई शिक्षकों को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए उनकी सेवाओं पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। जस्टिस मनीषा बत्रा ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अगली सुनवाई 15 जून 2026 निर्धारित हुई है।

मामला पिंकी एवं अन्य याचिकाकर्ता द्वारा दायर याचिका से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं के वकील जसबीर ने हाईकोर्ट से मांग की थी कि उन्हें टीजीटी (अंग्रेजी) के पद पर कार्य जारी रखने दिया जाए और उनकी सेवाएं समाप्त करने पर रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि वे सामान्य वर्ग के तहत भर्ती प्रक्रिया में पूरी तरह पात्र थीं, लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की थी तथा 64.6 अंक प्राप्त किए थे। इसके आधार पर उनका चयन हुआ और उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किए गए। दोनों ने 29 जुलाई 2024 को अपनी सेवाएं भी ज्वाइन कर ली थीं। याचिका के अनुसार लगभग दो वर्षों तक सेवा देने के बाद 28 मई 2026 को जारी संशोधित परिणाम ने उनकी स्थिति बदल दी। संशोधित अंतिम सूची में सामान्य वर्ग के अंतिम चयनित अभ्यर्थी के भी 64.6 अंक दर्शाए गए, लेकिन समान अंक होने की स्थिति में आयु को आधार बनाते हुए याचिकाकर्ताओं को चयन क्षेत्र से बाहर कर दिया गया। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि नियुक्ति मिलने और लंबे समय तक सेवा लेने के बाद इस प्रकार उन्हें चयन सूची से बाहर करना मनमाना, अवैध तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

### टीजीटी संस्कृत को भी संशोधित सूची आने से नौकरी जाने का डर, हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा टीजीटी संस्कृत भर्ती के संशोधित परिणाम जारी किए जाने के बाद चयन सूची से बाहर हुई कई शिक्षकों ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सिरसा जिले की रहने वाली लक्ष्मी व अन्य ने याचिका दाखिल कर मांग की है कि लगभग दो वर्ष से सेवा दे रहे टीचर को नौकरी से हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए और उनकी सेवा में बनाए रखने के आदेश दिए जाएं। याचिका के अनुसार लक्ष्मी व अन्य ने वर्ष 2023 में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जारी टीजीटी संस्कृत भर्ती विज्ञापन के तहत आवेदन किया था। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयोग ने 27 जुलाई 2024 को अंतिम परिणाम घोषित किया, जिसमें उनका चयन मेवात कैडर के लिए हुआ। उन्होंने 14 अगस्त 2024 को नूंह जिले के एक सरकारी विद्यालय में टीजीटी संस्कृत के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। याचिका में कहा गया है कि बाद में विभिन्न न्यायिक आदेशों के अनुपालन में आयोग ने 28 मई 2026 को संशोधित परिणाम जारी किया। इस संशोधित परिणाम में याची लक्ष्मी चयन सूची से बाहर हो गईं, जबकि वह लगभग दो वर्षों से नियमित रूप से सेवाएं दे रही हैं। याचिकाकर्ता वकील जसबीर मोर ने हाईकोर्ट के समक्ष दलील दी है कि सर्वोच्च न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने कई मामलों में यह माना है कि यदि किसी कर्मचारी की नियुक्ति उसकी किसी गलती के बिना हुई हो और वह लंबे समय से सेवा दे रहा हो तो उसे अचानक नौकरी से नहीं हटाया जा सकता। याचिका में यह भी कहा गया है कि राज्य में टीजीटी संस्कृत के अनेक पद अभी भी रिक्त हैं, इसलिए सेवा में कार्यरत उम्मीदवारों को हटाने के बजाय समायोजन जैसे विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि हाल ही में इसी प्रकार के मामलों में हाई कोर्ट ने कुछ अन्य शिक्षकों को अंतरिम राहत देते हुए यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। लक्ष्मी ने भी समान आधार पर संरक्षण की मांग की है। सभी पक्षों को सुनने का बाद कोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न कोर्ट सरकार के आदेश पर रोक लगा दे।

## व्यापारी का अपहरण करने वाले कुख्यात बदमाश का एनकाउंटर, पैर में गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पिछले माह व्यापारी का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश की पालम विहार क्राइम ब्रांच के साथ सेक्टर-93 क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से करीब सात राउंड फायरिंग हुई। इस कार्रवाई में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी झज्जर निवासी नितिन ने इसी साल मई में गुरुग्राम से अपने साथियों के साथ मिलकर एक आयुर्वेदिक दवाओं के व्यापारी का अपहरण कर लिया था और 7 लाख रुपये की मांग की थी। पैसे लेने पर उसे छोड़ दिया था। वहीं, आरोपी ने पांच साल पहले एक कैश वैन भी दिल्ली में लूट ली थी।

### झज्जर निवासी आरोपी पर हैं 17 केस



गिरफ्तार आरोपी की पहचान झज्जर निवासी नितिन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, अपहरण और आर्म्स एक्ट समेत करीब 17 संगीन केस दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य मामलों में संलिप्तता की भी जांच कर रही है। नितिन लंबे समय से फरार चल रहा था।

## नहर में नहाने गए दो किशोरों की तेज बहाव में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी में लोहारू कैनाल में नहाने उतरे दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। एक किशोर का शव देर रात बरामद किया तो दूसरे का शव बुधवार सुबह नहर से बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार, शहर के वार्ड-17 निवासी समीर कादयान (17) और झरना घाट निवासी कार्तिक (16) लोहारू कैनाल में नहाने गए थे। उसी दौरान पानी का बाहव तेज हो गया और दोनों बह गए। बताया जाता है कि दोनों को तैरना भी कम ही आता था। जब देर रात तक घर नहीं आए तो परिजनों ने तलाश शुरू की और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस और एनडीआरएफ टीम ने तुरंत सर्च अभियान शुरू किया। देर रात समीर कादयान का शव बरामद किया गया। सुबह कड़ी मशक्कत के बाद कार्तिक का शव भी नहर से निकाल लिया गया।

## कचरा उठाने वाली गाड़ी की चपेट में आने से बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

शहर के वार्ड नंबर-5 में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय मासूम की जान चली गई। बाबा राणाधीर मंदिर के सामने वाली गली में नगर पालिका की डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी की चपेट में आने से अंश पुत्र प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार सुबह करीब 9 बजे ठेकेदार की कचरा उठाने वाली गाड़ी गली में कूड़ा एकत्रित करने पहुंची थी। इसी दौरान गली के आगे चौक में एक पानी का टैंकर खड़ा था। रास्ता संकरा होने के कारण चालक गाड़ी को पीछे कर रहा था। इसी बीच गली में खेल रहा अंश अचानक वाहन के पीछे आ गया। चालक की नजर उस पर नहीं पड़ी और गाड़ी का पिछला पहिया बच्चे को अपनी चपेट में ले गया। इस हादसे के बाद लोगों का कहना है कि कचरा गाड़ियों के साथ हेल्पर की मौजूदगी अनिवार्य की जानी चाहिए। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।



मृतक अंश।

**इतिहास** राखी गढ़ी में हड़प्पाकालीन सभ्यता की पांचवें दौर की खुदाई

## राखी गढ़ी में मिली हजारों साल पुरानी रसोई व चूल्हे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

राखी गढ़ी में हड़प्पाकालीन सभ्यता की पांचवें दौर की खुदाई में काफी महत्वपूर्ण अवशेष मिले हैं, जो उस समय की जीवनशैली के रहस्यों से पर्दा उठाने का काम करेंगे। टीला नंबर पांच पर खुदाई में कच्ची ईंटों की रसोई के अवशेष मिले हैं। वहां पर चूल्हा, मिट्टी के बर्तन और सिलबट्टे भी पाए गए हैं। सोने के मनके सहित काफी ऐसी वस्तुएं मिली हैं जो कि इस बात मुहर लगाती हैं कि वे लोग सबसे पहले इसी टीले पर आकर बसे होंगे। बाकी टीलों पर खुदाई के दौरान व्यवसाय से संबंधित काफी चीज मिली हैं। उस सभ्यता का गांव से ही शहरीकरण हुआ था। यहां पर मिले सभी अवशेषों को कार्बन डेटिंग के भेज दिया गया है। वे कितने हजार साल पुराने होंगे उसके बाद एक नई तस्वीर सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है।

राखी गढ़ी के टीले नंबर पांच पर शुरू से लेकर अब तक ज्यादा खुदाई नहीं हो पाई थी। अबकी बार इस टीले को जानने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उत्खनन शाखा द्वितीय ग्रेटर नोएडा द्वारा यहां पर ट्रेंच लगाकर खुदाई की गई। खुदाई के शुरुआती दौर में कुछ नहीं मिला, लेकिन खुदाई जारी रखी तो कुछ ही गहराई में कच्ची ईंटों की दीवार सामने आई। जब उसके आसपास खुदाई को आगे बढ़ाया तो वहां पर चूल्हे और सिलबट्टे के अवशेष मिले। साथ में मिट्टी की काफी बर्तन मिले जिनमें हांडी, छिद्र युक्त जार, टेराकोटा केक, मुष्टिकाएं सहित खाना पकाने में प्रयोग होने वाले बर्तन शामिल हैं। वह लोग चूल्हे से बनी हुई रोटी और सिलबट्टे पर चटनी बनाकर खाते थे। छिद्र युक्त बर्तन का प्रयोग अलग-अलग कामों के किया जाता था। इसमें फल रखे जाते होंगे जो ज्यादा समय तक सुरक्षित रह सके। सब्जी या अन्य खाने वाले अनाजों को इसमें डालकर पानी से साफ किया जाता होगा। इन सभी विषयों पर अध्ययन किया जा रहा हैं।



**नारनौंद।** राखी गढ़ी के टीले नंबर पांच पर खुदाई करते हुए।

### कार्बन डेटिंग से पता चलेगी बर्तनों की कहानी

मिट्टी के बर्तनों में छिद्र रहते हैं। जब हम खाना बनाते हैं या उन बर्तनों में खाना खाते हैं तो उस बर्तन में खाने में प्रयोग की जाने वाली वस्तु की लेयर बन जाती। पानी से साफ करने पर भी उसका कुछ अंश छिद्रों में रहता हैं, जो घुलता नहीं। कार्बन डेटिंग से खाने का भी और वे बर्तन कितने पुराने साल का है, वे भी सामने आ जाएगा। आजकल एक्सआरएफ तकनीकी से भी पता लगाया जा रहा है।

### कच्ची ईंटों की दीवार भी मिली : सक्सेना

इस संबंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उत्खनन शाखा द्वितीय ग्रेटर नोएडा के अधीक्षण पुरातत्वविद मनोज सक्सेना ने बताया कि टीला नंबर पांच पर खुदाई के दौरान चूल्हे और सिलबट्टे पाए गए हैं। कार्बन डेटिंग के लिए भेज दिए गए हैं। उनसे पता चलेगा कि यह कितने हजार वर्ष पुराने हैं। उत्तर से पश्चिम और दक्षिण से पूर्व दिशा में कच्ची ईंटों की दीवार भी पाई गई है।

## एचडीएफसी बैंक की महिला अधिकारी रिश्वत लेते काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एंटी करप्शन ब्यूरो कैथल की टीम ने बुधवार को एचडीएफसी बैंक कलायत की एक इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर को 60 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला अधिकारी ने एक मृतक खाताधारक के लोन माफी और बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूरी करवाने के बदले 80 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। एसीबी इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि कलायत की रमन ने शिकायत दी थी कि उसके पिता ने बैंक से ऋण लिया था। पिता की मृत्यु के बाद ऋण बीमा योजना के तहत माफ होना था तथा परिवार को बीमा क्लेम की राशि भी मिलनी थी। एचडीएफसी बैंक कलायत में कार्यरत इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर वजीरनगर की मुकेश रानी ने मिलने वाली रकम का 10 प्रतिशत कमीशन मांगा। इसके बाद रमन ने एसीबी से संपर्क किया और रिश्वत मांगने संबंधी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी टीम को उपलब्ध करवाई। तय योजना अनुसार शिकायतकर्ता को कलायत की अनाज मंडी में रिश्वत की राशि देने भेजा गया। जैसे ही महिला अधिकारी ने 60 हजार रुपये लिए, पहले से मौजूद एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

# एशिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति नहीं रहे मुकेश अंबानी, चीनी अरबपति ने पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाइटडांस कंपनी की कीमत बढ़ने और उसके एआई चैटबॉट की सफलता से झांग यिमिंग मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के दूसरे सबसे अमीर बन गए हैं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, झांग के पास अब 92.8 अरब डॉलर हैं। वह चीन के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। 2019 में उनके पास सिर्फ 13 अरब डॉलर थे।

- पहले स्थान पर 117 अरब डॉलर नेटवर्थ के साथ अदाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति

यानी उनकी दौलत सात गुना से भी ज्यादा बढ़ गई है। बता दें 117 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ गौतम अदाणी दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में तो 17वें स्थान पर हैं, लेकिन उनके सिर पर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज बरकरार है।

पहले मुकेश अंबानी के सिर पर कई वर्षों तक एशिया के सबसे रईस का ताज था। कुछ महीने पहले ही इनसे यह ताज अदाणी ने छीन लिया और अंबानी एशिया के दूसरे नंबर के रईस बन गए। अब यह पोजीशन भी उनकी चली गई।

## अमीरों में घटा अंबानी का रुतबा

यही नहीं, दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में अंबानी अब 4 पायदान नीचे 25वें स्थान पर चले गए हैं। इसकी वजह एक ही दिन में झांग की दौलत में 24.1 अरब डॉलर की छलांग, जेफ यास की दौलत में 7.56 अरब डॉलर, डेविड सुन की दौलत में 2.75 अरब डॉलर और झान तू की दौलत में 2.75 अरब डॉलर की उछाल है। ये चारों अब अंबानी से ऊपर पहुंच गए हैं।

## बाइटडांस कंपनी की कीमत बढ़ने से झांग यिमिंग एशिया के दूसरे सबसे अमीर बने

### अमेरिका में टिकटॉक का मामला सुलझा

टिकटॉक के अमेरिकी व्यापार को ओरेकल, सिल्वर लेक और अबू धाबी के एमजीएक्स को दे दिया गया। इससे कई सालों से चली आ रही अनिश्चितता खत्म हुई। आलोचक टिकटॉक को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बता रहे थे।

### एआई पर बड़ा दांव

अब बाइटडांस एआई पर जोर लगा रहा है। ब्लूमबर्ग की खबर के अनुसार, कंपनी इस साल 70 अरब डॉलर तक खर्च करने की बात कर रही है। इससे चीन के एआई बाजार में कंपनी सबसे आगे रहेगी और अमेरिकी कंपनियों को टक्कर देगी। यह पैसा 2025 में कंपनी द्वारा कमाए गए करीब 50 अरब डॉलर के मुनाफे से आएगा।



मुकेश अंबानी. झांग यिमिंग.

*चीन की सबसे बड़ी निजी कंपनी : बाइटडांस चीन की सबसे चर्चित निजी कंपनी है। दोउबाओ इतना सफल हुआ कि कंपनी अब उसके लिए पैसे लेने की तैयारी कर रही है। चीन में लोग ऑनलाइन सेवाओं के लिए पैसे देने को तैयार नहीं होते, इसलिए यह बड़ी बात है। कंपनी को भविष्य में शेयर बाजार में उतरने की भी उम्मीद है।*

### झांग को 24 अरब डॉलर का फायदा

ब्लूमबर्ग ने ब्लैकरॉक, फिडेलिटी, टी. रो प्राइस, एचएसजी और जनरल अटलांटिक जैसे निवेशकों के मूल्यांकन देखे। इसके बाद झांग की दौलत में 24 अरब डॉलर से अधिक का उछाल आया। झांग के ऊपर अचानक हुई डॉलर की बारिश यूं ही नहीं हुई। इसमें टिकटॉक ऐप की लोकप्रियता और एआई चैटबॉट 'दोउबाओ' का बड़ा योगदान है। दोउबाओ हर महीने 30 करोड़ लोग इस्तेमाल करते हैं। यह चीन का सबसे पसंदीदा चैटबॉट है। बाइटडांस ने इसी साल अपने अमेरिका के कुछ कामकाज वहां के निवेशकों को बेच भी दिए थे।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. : एफ-वैगन्स-आरएसपीबीसीएन रिन्यूअल25, दिनांक 01.06.2026; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन)/जमालपुर वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम: लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में कार्य की अनुसूची के अनुसार 1200 अदद बीसीएन/बीसीएनए वैगनों की छत का सम्पूर्ण नवीनीकरण तथा बॉडी की मरम्मत। मात्रा: 1200 अदद। कार्य का स्थान: लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर। निविदा मूल्य: रु. 16,48,06,990.80; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। प्रस्ताव की वैधता: 90 दिन। बोली शुरू होने की तारीख: 09.06.2026; निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 23.06.2026 को 12.15 बजे। समापन अवधि: 24 महीने। विवरण जहां उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (MISC-61/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## खबरों के बाद आरबीआई ने जारी किया स्पष्टीकरण

# सोना बेचने की खबरें गलत, भौतिक भंडार 880 टन पर स्थिर : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की बिक्री की खबरों को बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है। आरबीआई ने उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव से विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए केंद्रीय बैंक ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है।*

आरबीआई जोर देकर कहता है कि ये खबरें सही नहीं हैं।'' उसने आम जनता को सलाह दी कि ऐसे मामलों में समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। इस बीच, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने भी इन खबरों पर तथ्य आधारित जांच (फैक्ट-चेक) रिपोर्ट जारी की।

### सोने की हिस्सेदारी 22 मई 2026 तक 16.85 प्रतिशत

आरबीआई के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर, 2025 के अंत में 13.92 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 16.70 प्रतिशत और 22 मई, 2026 तक 16.85 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास 31 मार्च, 2026 तक कुल स्वर्ण भंडार 880.52 टन था, जो 31 मार्च, 2025 के 879.58 टन की तुलना में 0.94 टन अधिक है।

**खास बातें**

- विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए बेचने का लगा था आरोप
- केंद्रीय बैंक ने 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है
- भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है




### रुपया एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा

आरबीआई आमतौर पर डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करता है। रुपया 20 मई, 2026 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 33 पैसे टूटकर 96.86 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। वैश्विक दबाव के बीच रुपया इस वर्ष एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है।

### 312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में

आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 880.52 टन में से 312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखा गया है जबकि 31 मार्च, 2025 को यह 311.38 टन था। शेष 568.20 टन (जो 31 मार्च 2025 के समान है) बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में दर्ज है।

### सोने के मूल्य में 63 फीसदी की वृद्धि

*रिपोर्ट में कहा गया, '' बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च, 2025 के 4,31,624.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 7,06,162.36 करोड़ रुपये हो गया, जो 63.6 प्रतिशत की वृद्धि है।'' इस वृद्धि की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बढ़ोतरी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट है।*

### रुपया सात फीसदी तक टूट चुका

*रुपया वर्तमान में लगभग सात प्रतिशत (2026 में अब तक) टूट चुका है और फरवरी के अंत में ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से करीब छह प्रतिशत कमजोर हुआ है। यह दबाव महंगे कच्चे तेल, पूंजी निकासी, बढ़ते व्यापार घाटे और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण बना हुआ है।*

# एनएमडीसी ने अयस्क की कीमतें 200 रुपये, फाइन की 150 रुपये प्रति टन बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र खनन कंपनी एनएमडीसी ने बुधवार को लौह अयस्क की कीमतें 200 रुपये प्रति टन और फाइन की कीमतें 150 रुपये प्रति टन बढ़ा दीं। यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। मौजूदा तिमाही में यह तीसरी बढ़ोतरी है। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने एक नियामकीय सूचना में बताया कि उसने बैला लंप अयस्क की कीमत 5,700 रुपये प्रति टन और फाइन की कीमत 4,850 रुपये प्रति टन तय की है। लंप अयस्क या उच्च-श्रेणी के लौह अयस्क में 65.5 प्रतिशत लौह तत्व होता है, जबकि फाइन निम्न-श्रेणी के अयस्क होते हैं जिनमें 64 प्रतिशत या उससे कम लौह तत्व होता है। तीन जून से प्रभावी नई कीमतों में रॉयल्टी, जिला खनिज कोष (डीएमएफ), राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (डीएमईटी) शामिल नहीं हैं; साथ ही इनमें उपकर, वन परमिट शुल्क, पारगमन शुल्क, जीएसटी, पर्यावरण उपकर और अन्य कर भी शामिल नहीं हैं। लौह अयस्क और कोकिंग कोयला दो ऐसे बुनियादी कच्चे माल हैं।

### रुपया 31 पैसे कमजोर होकर 95.67 प्रति डॉलर

मुंबई। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा श्रम उल्लंघनों का हवाला देते हुए भारतीय आयात पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के प्रस्ताव के बाद बुधवार को रुपया 31 पैसे टूटकर 95.67 प्रति डॉलर पर रहा। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों के विश्वास को और कमजोर कर दिया है।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF SH. RAVI
Additional Civil Judge (Senior Division),
BALA @ RAJBALA
Vs.
Rati ram
For restoration of case
CNR No. HRJR02-000885-2018
Next Date:- 08-07-2026
APP/46/2018

PUBLICATION ISSUED TO :-
4 Smt.Anita W/o Satyawan 5 Smt. Sharmila Devi W/o Dharamraj 6 Smt.Bhateri Devi W/o Roshan Lal 7 Smt. Bala Devi W/o Naresh Kumar 8 Smt. Lachmi Devi W/o Dharambir 9 Smt. Anita Devi W/o Satish Kumar 10.Smt. Nisha Devi W/o Upender Kadyan 11. Smt. Sopari Devi W/o Balbir Singh 12. Smt. Saraswati Devi W/o Dayanand 16. Smt. Pramila W/o Mahabir 17.Smt. Navita W/o Trilok 19. Smt. Dhanpati W/o Rajender Singh 20. Smt. Bimla Devi W/o Ramphal 25.Rambir S/o lakhiram 26. Devi Ram S/o Mange Ram 27.Manohar Lal S/o Rati Ram 28. Renu D/o Sube Singh 29. Manmohan 30. Inder Mohan S/o Sube Singh all R/o Jhajjar Distt. Jhajjar 18. Smt. Parmia W/o Dharmender R/o Village Khatiwas Distt. Bhiwani 31 Smt. Santra D/o Rati Ram 32. Jyoti (minor) D/o Smt. Vidhya D/o Rati Ram through her father Sanjay S/o Rameshwar R/o Bhalgarh Chowk, Bhalgarh Distt. Sonipat.
In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant (s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 08-07-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Ravi
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 02-06-2026

GOVERNMENT COLLEGE, BAWAL
Affiliated to I.G. University, Meerpur (Rewari)-123501 Haryana
Ph.: 01284-260036
नीलामी सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महाविद्यालय बावल में दिनांक 16 जून 2026 को सूखे पेड़ों की नीलामी की जानी है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी दिनांक 07 जून 2026 से 15 जून 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में पेड़ों का निरीक्षण कर सकते हैं। बोली की शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।
प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बावल,
जिला रेवाड़ी (हरियाणा)

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# कच्चे तेल के दाम चढ़ने से सेंसेक्स 304 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र की तेजी के बाद बुधवार को फिर गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। विश्लेषकों के अनुसार, आईटी शेयरों में भारी बिकवाली, कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी और संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.67 अंक टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,157.24 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों वाला निफ्टी 77.95 अंक की गिरावट के साथ 23,405.60 अंक पर बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांकों में मंगलवार को चार दिन की गिरावट के बाद लगभग आधा प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 8.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा (6.23 प्रतिशत), एचसीएल टेक (5.25 प्रतिशत) और इन्फोसिस (3.82 प्रतिशत) भी नुकसान में रहीं। इसके अलावा आईटीसी, इटर्नल, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट आई। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट शामिल हैं।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में छह महीने के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में छह महीने के उच्च स्तर 59.8 पर पहुंच गई। इसे मजबूत मांग, नए ग्राहकों एवं कारोबार में निरंतर सुधार का समर्थन मिला। बुधवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 हो गया जो पिछले वर्ष नवंबर के बाद विस्तार की सबसे तेज दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। यह सूचकांक एक प्रश्न पर आधारित होता है, जिसमें पूछा जाता है कि व्यापारिक गतिविधि का स्तर पिछले महीने की तुलना में कैसा है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, मई में भारत का सेवा पीएमआई व्यावसायिक गतिविधियों में विस्तार का संकेत देता है, जिसे नए कारोबार में निरंतर वृद्धि का समर्थन मिला।

THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILL LTD., BHALI ANANDPUR, ROHTAK
LiFE Lifestyle for Environment
Email: rtk.sugar@gmail.com, website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800
नोटिस
मै० आर.ए. कान्ट्रैक्टर के अधीनस्थ ठेकेदारों / कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी ठेकेदार/कर्मचारी का भुगतान / वेतन मै० आर.ए. कान्ट्रैक्टर की तरफ बकाया है और उन्होंने अपने बकाया भुगतान/वेतन बारे अभी तक अपना लिखित प्रार्थना-पत्र मिल्स प्रबन्धकारिणी को प्रस्तुत नहीं किया है तो वे इस बारे अपना लिखित प्रार्थना-पत्र मिल्स प्रबन्धकारिणी को एक सप्ताह के अन्तर्गत प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
हस्ता/-मुख्य अभियन्ता
कृतेः प्रबन्ध निदेशक
संवाद- 1039/11/128/2027/45855/C/88/6 दि. 03.06.26

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

# कमज़ोर वैश्विक संकेतों के बीच सोना 1,850 रुपये टूटा, चांदी 1,500 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,850 रुपये टूटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,850 रुपये या 1.14 प्रतिशत टूटकर 1,59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो मंगलवार के बंद भाव 1,61,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है। चांदी की कीमतें भी 1,500 रुपये या 0.55 प्रतिशत टूटकर 2,69,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा कि बुधवार को घरेलू बाजारों में सोने और चांदी की कीमतें गिर गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है, जिससे लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की आशंका पैदा हो गई है, जिसका असर कीमती धातुओं पर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.54 प्रतिशत टूटकर 4,463.84 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी एक प्रतिशत टूटकर 74.43 डॉलर प्रति औंस रह गई। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि सोने की कीमतें दबाव में थीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान समझौता अभी भी दूर की कौड़ी बना हुआ है।

- शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,850 रुपये या 1.14 प्रतिशत टूटकर 1,59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम

# एफसीआई के अनाज की बोरी पर लगेगा 'क्यूआर टैग'


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अनाज की बोरी पर क्यूआर टैग लगाने की पहल का दायरा बढ़ाने का फैसला किया है। इसका मकसद एफसीआई के खाद्यान्न के लिए निगरानी बढ़ाना है। इसके तहत चालू विपणन सत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में इस प्रणाली को लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत मिलों से वितरण केंद्रों तक भेजे जाने वाले 20 लाख टन चावल को क्यूआर 'टैगिंग' के दायरे में लाया जाएगा। खाद्यान्न की आवाजाही पर शुरू से अंत तक नजर रखने और अनाज की बोरियों के पुनः उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया गया यह कदम आंध्र प्रदेश में दिसंबर, 2025-जनवरी, 2026 के दौरान चावल तथा पंजाब में अप्रैल-मई, 2026 के दौरान गेहूं पर सफल प्रायोगिक परियोजना के बाद उठाया गया है।

### 10 लाख टन चावल क्यूआर टैगिंग के साथ भेजा जाएगा

इस विस्तारित प्रायोगिक परियोजना के तहत तीनों राज्यों के चुनिंदा जिलों को शामिल किया जाएगा। आंध्र प्रदेश में मिलों से वितरण वाले राज्यों में लगभग 10 लाख टन चावल क्यूआर टैगिंग के साथ भेजा जाएगा, जबकि तेलंगाना और ओडिशा से पांच-पांच लाख टन चावल भेजा जाएगा।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नवीन छिल्लर पुत्रः तारिफ सिंह पताः गाँव बमडोली, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा और डी–24, गली नं. 1, मकसुदाबाद, नजफगढ़, दिल्ली ने case FIR No. 365/2009 U/s 498A/406/34 IPC, थानाः नांगलोइ, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त नवीन छिल्लर मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त नवीन छिल्लर फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case FIR No. 365/2009 U/s 498A/406/34 IPC, थानाः नांगलोइ, दिल्ली के उक्त अभियुक्त नवीन छिल्लर से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए दिनांक 03.07.2026 को या उससे पूर्व हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री दीपिका गोयल शौकीन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट)–03
पश्चिम, रूम नं. 245
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/7301/OD/2026 (Court Matter)

## शब्द पहेली - 6246




**बाएँ से दाए**
1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी-2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

### शब्द पहेली- 6245 का हल





### आधी रात 1000 जवान तैनात, 5 बुलडोजर लगे, रात में मलबा हटाया

# काशी में 200 साल पुरानी मस्जिद को ढहाया

एजेंसी ▶▶ वाराणसी(उप्र)



काशी रेलवे स्टेशन को मॉडल बनाया जा रहा, विस्तार जारी

कोर्ट ने रेलवे के पक्ष में सुनाया था फैसल,फिर कार्रवाई


वाराणसी में मंगलवार आधी रात प्रशासन ने 200 साल पुरानी अजगैब शहीद मस्जिद को ढहा दिया। 5 बुलडोजरों ने 42 फीट ऊंची मस्जिद को 22 मिनट में तोड़ दिया। मलबे को भी रातों-रात हटा दिया गया। मंगलवार रात 12 बजे प्रशासन 1000 से अधिक पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचा। डीसीपी काशी गौरव बंसवाल और एडीसीपी वैभव बांगर ने मस्जिद के चारों ओर बैरिकेडिंग करवाई। लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। इसके बाद बुलडोजर एक्शन शुरू हुआ। प्रशासन का कहना है कि मस्जिद रेलवे की जमीन पर बनी थी। मामला कोर्ट गया था, वहां से फैसला रेलवे के पक्ष में आ चुका है। यहां काशी रेलवे स्टेशन को मॉडल बनाया जा रहा है। उसका विस्तार किया जा रहा, इसी वजह से यह कार्रवाई की गई।

- मुस्लिम पक्ष का दावा है कि मस्जिद 200 साल पुरानी थी। मस्जिद के मुतवल्ली शमीम थे, जिनका दो महीने पहले निधन हो चुका है।
- प्रशासन का कहना है कि यह रेलवे की पुरानी जमीन है, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करके पहले मजार बनाई। बाद में मस्जिद व कब्रिस्तान का निर्माण किया गया।

# मप्र से 200 किमी दूरी तय कर भरतपुर के जंगल पहुंचा चीता

### इसका जन्म कूनो नेशनल पार्क में हुआ था

एजेंसी ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से निकला चीता 200 किमी दूरी तय कर भरतपुर के बंध बारैठा वन्यजीव अभयारण्य पहुंच गया। अफ्रीकी देशों से साल 2022 में भारत लाए गए 'आशा' और 'ओबान' चीते की संतान है, जिसका जन्म कूनो नेशनल पार्क में हुआ था। वन विभाग के अनुसार, भरतपुर के बंध बरैठा में एक सप्ताह से इसको ट्रैक किया जा रहा है। भरतपुर के डीएफओ चेतन कुमार ने बताया- चीता लगभग एक सप्ताह से बंध बारैठा क्षेत्र में मौजूद है। वह यहां के वातावरण में सहज दिखाई दे रहा है। चीते ने एक बछड़े का भी शिकार किया था। गले में कॉलर आईडी है, जिसमें जीपीएस है। कूनो प्रशासन ने बताया कि चीता बंध बारैठा में आया हुआ है। हमारी टीमें चीते की हर गतिविधि पर नजर रख रही है।

### केरल हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# मोनालिसा को माना बालिग, पति को गिरफ्तारी से 1 महीने की राहत

अग्रिम जमानत को मप्र की सक्षम अदालत में याचिका दायर कर सकेगा पति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केरल हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए देश भर में चर्चा का विषय बनी वायरल गर्ल मोनालिसा को प्रथम दृष्टया बालिग माना है। इसके साथ ही अदालत ने उसके पति को एक महीने की ट्रांजिट बेल (अग्रिम जमानत के लिए समय) दे दी है। इस आदेश के बाद अब अगले एक महीने तक मध्य प्रदेश पुलिस युवक को गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। इस अवधि में वह अग्रिम जमानत के लिए मध्य प्रदेश की सक्षम अदालत में याचिका दायर कर सकता है। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस कौसर एडप्पागथ ने स्पष्ट किया कि युवती के जन्म प्रमाणपत्र के अनुसार उसकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2008 है, जिससे वह कानूनन बालिग साबित होती है। हालांकि, एमपी पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दावा किया था कि यह प्रमाण पत्र फर्जी है। उन्होंने दोनों के अलग-अलग धर्मों का होने के कारण मंदिर में हुई शादी को अवैध बताया था।

### दोनों ने जान को बताया था खतरा

फरमान-वायरल हुई लड़की ने संयुक्त जमानत याचिका में दावा किया था कि अगर वे मध्य प्रदेश जाते हैं, तो अलग-अलग धर्मों से होने के कारण कट्टरपंथियों द्वारा उनकी ऑनर किलिंग की जा सकती है। उन्होंने यह भी दावा किया था कि गिरफ्तारी से सुरक्षा आदेश के बिना वे मध्य प्रदेश में जमानत याचिका दायर करने के लिए यात्रा करने और वकील से संपर्क करने की स्थिति में नहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### टॉय ट्रेन ने मई में कमाए रिकॉर्ड 395 लाख रुपये

**दार्जिलिंग।** गर्मी की छुट्टियों में पहाड़ों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने से दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) को बहुत फायदा हुआ है। दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे ने मई महीने में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई कर ली है। टॉय ट्रेन ने मई 2026 में रिकॉर्ड 395.60 लाख रुपये कमाए हैं। पीटीआई की खबर के मुताबिक, रेलवे अधिकारी ने बुधवार को बताया कि कमाई का यह आंकड़ा पिछले साल के रिकॉर्ड को भी पार कर गया है। मई 2025 में टॉय ट्रेन ने 358.60 लाख रुपये कमाए थे, जो अब टूट गया है।

### दलाई लामा को प्रदान किया गया ग्रैमी पुरस्कार

**धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को बुधवार को यहां उनके आवास पर सरोद वादक अमजद अली खान द्वारा औपचारिक रूप से ग्रैमी पुरस्कार प्रदान किया गया। दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो ने अपने 'स्पोकन-वर्ड एल्बम' 'मेडिटेशन्सः द रिफ्लेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑडियो बुक, वाचन और कथा-वाचन रिकॉर्डिंग की श्रेणी में अपना पहला ग्रैमी पुरस्कार जीता।



### सीबीआई हिरासत में रिलायंस एडीएजी के झुनझुनवाला



**मुंबई।** एक स्थानीय अदालत ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व समूह प्रबंध निदेशक अमिताभ झुनझुनवाला को कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में पांच जून तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। झुनझुनवाला को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायाधीश जेपी दारेकर के समक्ष पेश किया गया। उन्हें सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक ए। लिमोसिन और जितेंद्र शर्मा पेश हुए। सीबीआई ने विस्तृत जांच के लिए झुनझुनवाला को उसकी हिरासत में भेजे जाने का अनुरोध किया।

### पटना में कोचिंग सेंटर पर तोड़फोड़ और पथराव हुआ था, तीन गिरफ्तार

# खान सर का कोचिंग सेंटर बंद, सड़कों पर उतरे छात्र

*कोचिंग पढ़ने पहुंचे छात्रों ने संस्थान के बाहर नारेबाजी करते हुए खान सर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। छात्रों का कहना था कि उनके शिक्षक खास सर पर हुआ हमला बेहद गंभीर है और जिला प्रशासन को तत्काल उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध करानी चाहिए।*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना में 'खान सर' के नाम से मशहूर शिक्षक फैसल खान के कोचिंग संस्थान में कथित तोड़फोड़ और पथराव के सिलसिले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

कोचिंग संस्थान पर हुई कथित तोड़फोड़ और गोलीबारी की घटना के बाद बुधवार को बड़ी संख्या में छात्र सड़क पर उतर आए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने खान सर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान का निदेशक भी शामिल है। खान सर ने हमले की घटना के बाद अपने कोचिंग सेंटर को बंद कर दिया है। पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित 'खान ग्लोबल कोचिंग इंस्टीट्यूट' में मंगलवार रात कुछ असामाजिक तत्वों ने कथित तौर पर तोड़फोड़ और पथराव किया था। खान सर ने शुरुआत में दावा किया था कि उनके कोचिंग संस्थान पर गोलीबारी भी हुई थी, लेकिन बाद में पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की।

जब तक सर को सुरक्षा नहीं मिलेगी हम नहीं हटेंगे



» शुरुआती जांच और सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में खुलासा

» 15-20 लोग पथराव और तोड़फोड़ की घटना में शामिल थे

#### सुरक्षागार्ड की बुरी तरह से पिटाई की : खान



घटना के बाद मौके पर पहुंच खान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा था, पास के एक कोचिंग संस्थान से जुड़े कुछ असामाजिक तत्वों ने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया, हमारे सुरक्षागार्ड की बुरी तरह से पिटाई की और गोलियां भी चलाईं। उनकी नाराजगी इस बात को लेकर है कि कोई व्यक्ति इतनी कम फीस में छात्रों को कैसे पढ़ा सकता है और हर साल इतने अच्छे परिणाम कैसे दे सकता है। खान ने हाल में घोषित बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा के परिणामों का संदर्भ देते हुए यह बात कही। पुलिस उपाधीक्षक-1 (शहर) ने कहा कि कोचिंग संस्थान और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल के बाद गोलीबारी की पुष्टि नहीं हुई है।

#### मुख्य सड़क पर लगा जाम

कोचिंग पढ़ने पहुंचे छात्रों ने संस्थान के बाहर नारेबाजी करते हुए खान सर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। छात्रों का कहना था कि उनके प्रिय शिक्षक पर हुआ हमला बेहद गंभीर है और प्रशासन को तत्काल उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध करानी चाहिए। बुधवार सुबह से ही खान सर के कोचिंग सेंटर के बाहर छात्रों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मुसल्लहपुर हाट क्षेत्र में हजारों छात्र एकत्र हो गए, जिससे इलाके में यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। मुख्य सड़क पर लंबा जाम लग गया और वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई। बाद में खान ने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि वास्तव में क्या हुआ था। मंगलवार रात लगभग 10:10 बजे कदमकुआं थाना क्षेत्र में 'खान ग्लोबल कोचिंग इंस्टीट्यूट' में पथराव और संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने की सूचना मिली। शुरुआती जांच और सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल में सामने आया है कि पटना स्थित एक अन्य कोचिंग संस्थान से जुड़े 15-20 लोग कथित तौर पर पथराव और तोड़फोड़ की घटना में शामिल थे।

### प्रयागराज में चार हत्याओं में बड़ा खुलासा

# बेटे ने प्रॉपर्टी के लिए मां-बाप व बहन को मारा, फिर दोस्त ने उसे मार डाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रयागराज में करोड़पति परिवार के 4 सदस्यों की हत्या का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। मां-बाप और बहन की हत्या बेटे ने ही अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी। हत्या के बाद दोनों ने घर से डेढ़ करोड़ रुपये के गहने लूटे। फिर गहनों के बंटवारे को लेकर उनमें झगड़ा हो गया। इसके बाद दोस्त ने बेटे की हत्या कर दी। आरोपी सनी गुप्ता ने पुलिस को बताया कि हमें लगा कि जो अपने मां-बाप का नहीं हुआ, वह मेरा क्या होगा। हमने कोई अपराध नहीं किया था। उसी ने मुझे उकसाया और बुलाया। उसने अपने मां-बाप का कत्ल किया। हम दोनों सोना-चांदी लेकर नीचे आए। उसने कहा था कि मुझे भी हिस्सा देगा, लेकिन नहीं दिया।



#### आरोपी से लूटे गहने भी बरामद हुए

वारदात के बाद उसने दुकान में बाहर से ताला लगाया और गहने लेकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी दोस्त सनी गुप्ता को हिरासत में लिया है। उसके पास से लूटे हुए गहने भी बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया है कि कारोबारी ने साल-2022 में बेटे को प्रॉपर्टी से बेदखल कर दिया था। इससे वह नाराज था। इसके बाद उसने वारदात को अंजाम दिया।

### पहले भावुक पोस्ट की साझा

## जोधपुरः ट्रोलिंग से परेशान इनफ्लूएंसर ने खाया जहर

**जोधपुर(राजस्थान)।** जोधपुर में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर लगातार ट्रोलिंग और मानसिक दबाव से परेशान एक महिला इनफ्लूएंसर ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में उन्हें जोधपुर के मथुरादास माथुर (एमडीएम) अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना बुधवार सुबह बनाड़ थाना क्षेत्र के शिकारगढ़ स्थित गोदारों की ढाणी इलाके की है। बताया जा रहा है कि महिला कंटेंट क्रिएटर अनीता बिश्नोई ने यह कदम उठाने से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा की थी। पोस्ट में उन्होंने लिखा था, 'आज के बाद आपकी बहन इस दुनिया में नहीं दिखेगी।' इस पोस्ट के सामने आने के बाद परिजनों और परिचितों में चिंता बढ़ गई थी।



- पोस्ट में लिखा- आपकी बहन अब दुनिया में नहीं दिखेगी

## अमृतसर में नकली घी मिला सात क्विंटल स्टॉक सील

**अमृतसर।** पंजाब में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार तड़के विभिन्न डेयरियों और दूध उत्पाद बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान रामबाग स्थित सोनू डेयरी से पनीर और देसी घी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए, जबकि करीब सात क्विंटल देसी घी के स्टॉक को सील कर दिया गया। सिविल सर्जन अमृतसर डॉ. बजाज के आदेशों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तड़के कार्रवाई को अंजाम दिया। सहायक आयुक्त खाद्य राजिंदरपाल सिंह ने बताया कि विभाग पिछले एक महीने से दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में शिकायत मिलने पर रामबाग स्थित सोनू डेयरी की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पनीर के नमूने लिए गए। वहीं, हरियाणा के सिरसा में निर्मित 'प्रभु देसी घी' ब्रांड के लगभग 48 टिन मौके पर पाए गए। विभाग ने पूरे स्टॉक को सील कर दिया।

### गर्लफ्रेंड से मिलने पुणे आया था

# दिल्ली स्पेशल सेल ने संदिग्ध आतंकी हुफेजा को पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र में पुणे जिले के मीरा भायंदर इलाके से संदिग्ध आतंकी हुफेजा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को ठाणे शहर की न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी। सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले को काफी गंभीरता से देख रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्पेशल सेल आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड की मांग की जाएगी और इसके बाद उसे दिल्ली लाया जाएगा, जहां उससे आगे की पूछताछ की जाएगी। हुफेजा गर्लफ्रेंड से मिलने मीरा-भायंदर आया हुआ था, तभी दिल्ली स्पेशल सेल और एटीएस की संयुक्त टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

#### छापेमारी चल रही थी

पिछले कुछ दिनों से सुरक्षा एजेंसियां आरोपी की गतिविधियों पर नजर रख रही थीं। करीब तीन दिनों से उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी निगरानी और तकनीकी इनपुट के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस की गई और उसे गिरफ्तार किया गया। फिलहाल आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ की गई है, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि दिल्ली लाकर उससे और महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि उसका किसी बड़े नेटवर्क या संगठन से कोई संबंध है या नहीं। इस गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं और उसके संपर्क में आए अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

### सुको ने जमानत याचिका पर की टिप्पणी

# रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो नागरिक हो जाता है असहाय

**नई दिल्ली।** मुंबई रेलवे स्टेशन पर एक यात्री और उसके परिवार को डरा-धमकाकर पैसे ऐंठने के आरोपी तीन पुलिसकर्मियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह बेहद तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो नागरिक असहाय हो जाता है। जब कानून लागू करने वाले अधिकारी ही जबरन वसूली करने वाले बन जाते हैं, तो नागरिक संदेह की नजर से देखतें है और दुविधा में पड़ जाते हैं। न्यायमूर्ति संजय और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बंबई हाई कोर्ट के आदेश को 'अस्पष्ट' बताते हुए रद्द कर दिया। पीठ ने कहा कि 'जब कानून लागू करने वाले अधिकारी जबरन वसूली करने वाले बन जाते हैं, तो नागरिक संदेह की नजर से देखने लगते हैं।



जबरन वसूली करने वाले पुलिस अधिकारियों की जमानत खारिज की

#### यह है मामला

वर्तमान मामले में, एक पिता और उसकी बेटी अपने बहनोई के साथ मुंबई से यात्रा कर रहे थे। उन्हें रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बैग की तलाशी लेने पर 14 ग्राम सोने की छड़ व 31,900 नकद मिले। आरोप है कि स्पष्टीकरण देने के बावजूद, वर्दीधारी व्यक्तियों में से एक यात्री को बच्चे और उसके बहनोई के साथ पास के कमरे में ले गया, जहां उन्हें धमकाया गया और मौखिक रूप से गाली दी गई, और सोने के संबंध में आगे की कार्रवाई से बचने के लिए उन्हें नकदी देने के लिए मजबूर किया गया। पिता द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई थी और सत्र न्यायालय ने अफसरों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### सीजेपी ने 3 प्रवक्ताओं का किया ऐलान



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी ने 3 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। सीजेपी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट कॉकरोच इज बैक के जरिए सोशल मीडिया पर इन नियुक्तियों की जानकारी दी। खोजी पत्रकार सौरव दास को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा राजनीतिक शोधकर्ता, लेखिका और फिल्म निर्माता विजेता दहिया तथा आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी मैकिंजी से जुड़े रहे आशुतोष रांका को भी पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सीजेपी ने कहा है कि वह भारत में राजनीतिक विमर्श को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है और इस पहल का नेतृत्व नई पीढ़ी के नेता करेंगे। पोस्ट में दावा किया गया है कि पार्टी का उद्देश्य देश में नई राजनीतिक सोच और संवाद को बढ़ावा देना है।

### ऑफलाइन आवेदन की सुविधा नहीं है उपलब्ध

# सीबीएसई री-वैल्यूएशन : 40 हजार छात्रों ने किया आवेदन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई 12वीं के री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इसपर बोर्ड ने ताजा अपडेट शेयर किया है। बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए आवेदनों की जानकारी दी है। बोर्ड ने बताया कि बुधवार सुबह 9.30 बजे तक 40 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। बोर्ड ने ये भी बताया कि छात्रों के फीडबैक के आधार पर यूजर के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लगातार सुधार किए जा रहे हैं। सीबीएसई ने आगे कहा कि हमारी टीम सुरक्षित, भरोसेमंद और छात्रों के लिए आसान प्लेटफॉर्म के लिए काम कर रही है। इसके पहले बोर्ड ने बताया था कि 14 हजार से अधिक छात्रों ने इसके लिए आवेदन किया था।

#### 6 जून तक खुला रहेगा पोर्टल



गौरतलब है कि री-इवैल्यूएशन के लिए केवल वही छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिन्हें उनकी मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की हुई कॉपियां मिल चुकी हैं। सीबीएसई ने री-वैल्यूएशन और वेरिफिकेशन के लिए ऑनलाइन पोर्टल 2 जून से शुरू किया है। छात्र 6 जून 2026 की रात तक आवेदन कर सकते हैं।

### 'डॉन 3' को लेकर फरहान से चल रहा है विवाद

# रणवीर पर लगा 'बैन' हटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



'डॉन 3' को लेकर रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच उपजा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। एफडब्लूआईसीई ने इस मामले में रणवीर को लेकर एक अहसयोग निर्देश (एनसीडी) जारी किया था, जिसे अब तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है।

ऐसा एफडब्लूआईसीई ने आईएमपीपीए, प्रोड्यूसर्स गिल्ड और सीआईएनटीएए के हस्तक्षेप के बाद किया है। एनसीडी वापस लेने का फैसला रणवीर सिंह के एफडब्लूआईसीई को कानूनी नोटिस भेजे जाने के बाद लिया गया है। एफडब्लूआईसीई के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आईएमपीए, प्रोड्यूसर्स गिल्ड और सीआईएनटीएए के अनुरोध के बाद हम अपना असहयोग निर्देश तत्काल प्रभाव से वापस ले रहे हैं।

हमें बताया गया है कि हम सभी को प्रोड्यूसर्स बॉडी के साथ बैठकर एक उचित निर्णय लेना चाहिए, जिससे न तो प्रोड्यूसर्स, न ही डायरेक्टर्स और न ही एक्टर को कोई समस्या हो। इस मामले में किसी की जीत या हार नहीं हुई है। हमारा कानूनी विभाग उनके कानूनी नोटिस का जवाब देगा।'

### केंद्र सरकार ने दी 39,290 करोड़ रुपये की 6 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी

# दिल्ली में पुराने ट्रकों और बसों की होगी विदाई

**देश का बुनियादी ढांचा किया जाएगा मजबूत और विमानन क्षेत्र को झटके से उबारा जाएगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत करने और विमानन क्षेत्र को वित्तीय झटकों से बचाने के लिए कुल 39,290 करोड़ के 6 अहम प्रोजेक्ट्स को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इन नीतिगत फैसलों का सीधा असर देश की एविएशन इंडस्ट्री की बैलेंस शीट, कमर्शियल परिवहन व्यवस्था और राज्यों की इंटर-सिटी कनेक्टिविटी पर पड़ेगा। राजधानी दिल्ली में बढ़ते एमिशन (उत्सर्जन) और वायु प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए एक विशेष योजना पेश की गई है। इसके तहत पुराने ट्रकों और बसों को सड़कों से हटाने की योजना को कैबिनेट ने मंजूरी दी है, जिसके लिए 5,041 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है।

### सबसे बड़ा हिस्सा विमानन और पंर्यावरण सुधार के लिए दिया




#### नई सड़क-राजमार्ग के लिए 24,249 करोड़

देश में बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को विश्वस्तरीय बनाने के उद्देश्य से, कैबिनेट ने कुल 39,290 करोड़ के इस पैकेज में से 24,249 करोड़ केवल नई सड़क और राजमार्ग परियोजनाओं के लिए आवंटित किए हैं।

#### और विमानन क्षेत्र को झटके से उबारा जाएगा

कैबिनेट के मौजूदा फैसलों में कुल स्वीकृत बजट का एक बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर विमानन क्षेत्र की स्थिरता और राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण सुधार के लिए रखा गया है। इस मेगा पैकेज में विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए एक विशेष फंड बनाने के साथ-साथ दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने और चार प्रमुख राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क को रफ्तार देने पर रणनीतिक फोकस किया गया है।

- **ओडिशा (कोस्टल हाईवे):** पूर्वी तट पर कनेक्टिविटी बेहतर करने और पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रामेश्वर, कोणार्क और पारादीप को जोड़ने वाले कोस्टल हाईवे के निर्माण को हरी झंडी दी गई है। इसके लिए 8,301 करोड़ मंजूर किए गए हैं।
- **तेलंगाना (फोर-लेनिंग प्रोजेक्ट):** दक्षिण भारत में औद्योगिक परिवहन को तेज करने के लिए तेलंगाना में नेशनल हाइवे -63 और नेशनल हाइवे -563 के विभिन्न हिस्सों को चार लेन का बनाने का फैसला हुआ है। इस परियोजना के लिए 7,597 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
- **मध्य प्रदेश (राजमार्ग अपग्रेडेशन):** मध्य भारत में सड़क नेटवर्क को दुरुस्त करने के लिए नेशनल हाइवे -347बी के आवश्यक अपग्रेडेशन के लिए 4,415 करोड़ की धनराशि को स्वीकृति मिली है।
- **बिहार (सड़क विस्तार):** राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के तहत खगड़िया से पूर्णिया तक नेशनल हाइवे -31 और नेशनल हाइवे -231 के सेक्शन को चार लेन में बदलने के लिए 3,936 करोड़ पास किए गए हैं।
- **आर्थिक प्रभाव और लाभ:** सरकार का मुख्य फोकस लॉजिस्टिक्स की लागत कम करने, सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने और पर्यावरण को रहे नुकसान को कम करने पर है। 10,000 करोड़ से एयरलाइंस को ईंधन के मोर्चे पर अप्रत्याशित वित्तीय झटकों से राहत मिलेगी।

## चिंतन

# अनियोजित निर्माण दे रहे हादसों को न्योता

शहरों में अनियोजित निर्माण लगातार बड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं। इसके कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। बुधवार को ही दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में लगी आग ने एक बार फिर शहरी विकास मॉडल की भयावह सच्चाई सामने ला दी है। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 17 विदेशी नागरिक शामिल थे। इससे दो दिन पहले भी एक इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। आंकड़ों को देखें तो दिल्ली में पिछले 6 महीनों में ऐसी घटनाओं में 70 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मालवीय नगर में यह केवल आगजनी की घटना नहीं, बल्कि उन खामियों का दर्दनाक परिणाम है जो वर्षों से हमारी प्रशासनिक व्यवस्था, भवन निर्माण प्रणाली और सुरक्षा तंत्र में मौजूद हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस होटल में यह हादसा हुआ, उसके पास फायर एनओसी तक नहीं थी। सवाल यह है कि बिना आवश्यक सुरक्षा प्रमाणपत्र के होटल आखिर चल कैसे रहा था? देश के बड़े शहरों में अनियोजित निर्माण अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बन चुके हैं। ऐसे हादसे दिल्ली के अलावा मुंबई, हरियाणा, नागपुर और आंध्रप्रदेश में भी हो चुक हैं। जैसे आबादी बढ़ रही है, जमीन सीमित है और मुनाफे की होड़ में नियमों को कागजों तक सीमित कर दिया गया है। नतीजा यह है कि बहुमंजिला इमारतें तो खड़ी हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था धराशायी होती जा रही है। कहीं आपातकालीन निकास नहीं हैं, कहीं अग्निशामक यंत्र निष्क्रिय पड़े हैं, तो कहीं पानी की पर्याप्त व्यवस्था तक नहीं है। जब तक सब कुछ सामान्य रहता है, ये खामियां दिखाई नहीं देतीं, लेकिन जैसे ही कोई दुर्घटना होती है, इनकी कीमत इंसानी जानों से चुकानी पड़ती है। विडंबना यह है कि जिन भवनों को सुरक्षा मानकों का पालन करना चाहिए, वे स्वयं जोखिम के केंद्र बने हुए हैं। आग लगने की घटनाओं में एक और बड़ी समस्या दमकल विभाग की सीमित क्षमता है। आज शहरों में 10, 15 और 20 मंजिल तक की इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन कई स्थानों पर फायर ब्रिगेड के पास सिर्फ 4 से 5 मंजिल से अधिक ऊंचाई तक पहुंचने वाले आधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और स्काईलिफ्ट तक उपलब्ध नहीं हैं। जब आग बहुमंजिला इमारतों में फैलती है, तब बचाव कार्य समय के खिलाफ लड़ाई बन जाता है। संकरी गलियां, अव्यवस्थित पार्किंग और अवैध निर्माण इस लड़ाई को और कठिन बना देते हैं। दमकल की गाड़ियां मौके तक समय पर नहीं पहुंच पातीं और तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। यह समस्या केवल सरकारी तंत्र तक सीमित नहीं है। आम नागरिकों और भवन मालिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। अक्सर लोग अतिरिक्त कमरे बनाने, अधिक किराया कमाने या ज्यादा जगह घेरने के लिए सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर देते हैं। आपातकालीन निकास बंद कर दिए जाते हैं, सीढ़ियों पर सामान रख दिया जाता है और बिजली की असुरक्षित वायरिंग को नजरअंदाज किया जाता है। दुर्घटना होने तक किसी को खतरे का एहसास नहीं होता। ऐसे में लोगों को खुद भी जागरूक होना चाहिए, क्योंकि कोई भी आपदा बताकर नहीं आती। यानी बचाव के उपाय पहले से ही किए जाएं तो ऐसी गंभीर आपदाओं से बचा जा सकेगा। इसलिए जवाबदेही तय करनी ही होगी। तभी हम ऐसी विपदाओं से पार पा सकेंगे।

# मानसून और कच्चे तेल की चुनौतियां



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं। 2 जून को संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है। कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। इससे आमजन को जूझना पड़ेगा।**

इन दिनों देश के आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं। हाल ही में 2 जून संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है और इससे देश के कई हिस्सों में लू और भीषण गर्मी की स्थिति पैदा हो सकती है। कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। इसी तरह एक जून को हाल ही में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आयएमडी) ने देश की धड़कन माने जाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

मौसम विभाग ने साल 2026 के मानसून के अपने पुराने अनुमान को और घटा दिया है। पहले जहां आयएमडी ने लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलआरए) की 92 फीसदी बारिश होने का अनुमान लगाया था, वहीं अब इसे घटाकर 90 फीसदी कर दिया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि देश में इस साल 'सामान्य से कम' बारिश होने की पूरी आशंका है। अगर मौसम विभाग का यह ताजा अनुमान सच साबित होता है, तो भारत पिछले एक दशक के सबसे सूखे मानसून का सामना करेगा। इससे पहले साल 2015 में भारत में इतनी कम बारिश रिकॉर्ड की गई थी, जब मानसून सामान्य से लगभग 13 फीसदी कम था। चूंकि मानसून के दौरान अल-नीनो की स्थिति मजबूत होने की वजह से बारिश कम होगी। अब अल-नीनो के खतरे और कमजोर मानसून की आशंका से जलाशय के सूखने और खेती के लिए पानी की कमी की चिंता बढ़ गई है। वास्तव में देश के किसानों और कृषि क्षेत्र की चिंताएं बढ़ाने वाला यह परिदृश्य देश के वर्तमान सुकूनदायक कृषि क्षेत्र के समक्ष एक चुनौती बनकर दिखाई दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि कमजोर मानसून व सूखे की आशंका के साथ एक बार फिर इसी माह जून की शुरुआत से अमेरिका-ईरान के बीच पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। पिछले माह मई 2026 में चार बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक सरकारी क्षेत्र की तीनों तेल कंपनियों इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम को संयुक्त तौर पर प्रतिदिन करीब 750 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने की आशंका बनी हुई है। साथ ही भारत में महंगाई बढ़ रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। प्रमुख कंसल्टेसी फर्म ईवाई इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशियाई संकट के कारण भारत में वित्त वर्ष 2026-27 में महंगाई दर 6 प्रतिशत के ऊपरी स्तर को छू सकती है। एशियाई विकास बैंक के द्वारा



प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2026-27 में भारत में महंगाई 6.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि पेट्रोल और डीजल के महंगे होने का सबसे बड़ा असर आम लोगों की जेब पर पड़ने लगा है। निजी वाहन चलाने वालों का खर्च बढ़ गया है। डीजल महंगा होने से ट्रक, बस और माल ढुलाई का खर्च भी बढ़ गया है। इसका असर सब्जियों, फल, दूध और रोजमर्रा के सामानों की कीमतों पर दिखाई देने लगा है। ऐसे में एक ओर कमजोर मानसून और सूखे से निर्मित होने वाली चिंताओं पर ध्यान देना होगा, वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल की ऊंची की मतों और महंगाई की चिंताओं पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में अल-नीनो के बढ़ते असर को देखते हुए केंद्र सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। किसानों को इस बड़े मौसमी संकट से बचाने के लिए सरकार ने 1 जून 2026 से देशव्यापी "खेत बचाओ" अभियान के तहत रणनीतिपूर्वक कदम आगे बढ़ाए हैं। इसके तहत किसानों को उनके इलाके और फसल के हिसाब से खास सलाह (क्रॉप-स्पेसिफिक एडवाइजरी) दी जाएगी, ताकि वे मौसम के जोखिमों को समझकर सही फैसला ले सकें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिर्फ जानकारी बांटना नहीं है, बल्कि जमीन पर जाकर किसानों को यह बताना है कि उन्हें कम बारिश या सूखे के खतरे वाले इलाकों में कौन सी फसल बोनी चाहिए, किस फसल की तरफ बदलाव करना चाहिए और उनके पास पारंपरिक खेती के क्या बेहतर विकल्प मौजूद हैं। किसानों को उनके इलाके के मौसम, वहां की मिट्टी और बाजार की मांग के हिसाब से व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस कमजोर मानसून और सूखे की आशंका के बड़े संकट से निपटने के लिए सरकार ने एक व्यापक और सहयोगी ढांचा तैयार किया है। इस अभियान में स्थानीय पंचायतों, राज्य सरकारों, कृषि विज्ञान केंद्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों और स्थानीय कृषि विभागों को एक साथ जोड़ा गया है। देश के कोने-कोने तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए 1,600 से ज्यादा विशेष टीमें बनाई गई हैं। इनमें से 500 टीमें विशेष रूप से देश के उन 100 जिलों में तैनात की जाएंगी, जहां रासायनिक खादों की खपत सबसे ज्यादा है। चूंकि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही है, अतएव सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए सरकार के साथ-साथ उद्योग-कारोबार और हर वर्ग के सभी लोगों के द्वारा हरसंभव तरीके से महंगाई का मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ना होगा। देश के नागरिकों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई उस अपील पर अमल किया जाना होगा, जिसमें उन्होंने पेट्रोल-डीजल का किफायत से उपयोग करने की जरूरत बताई है। सरकार के द्वारा पेट्रोल में इथेनाल का मिश्रण 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया जाना होगा। तेल की मांग में कमी करने हेतु इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के उपयोग में तेजी लाई जानी होगी। उम्मीद करें कि सरकार संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा इस वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत किए गए मौसम अनुमानों के मद्देनजर कमजोर मानसून, अलनीनो और कृषि की बढ़ी हुई लागत संबंधी चुनौतियों से सफलतापूर्वक मुकाबले के लिए बहुआयामी उपायों के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही सरकार कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में बढ़ती महंगाई से आम आदमी के लिए तात्कालिक राहत और भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा को पेट्रोल-डीजल का विकल्प बनाने जैसे दीर्घकालीन उपायों के साथ रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। इससे देश के आम आदमी और किसानों सहित संपूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।

( लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

महेन्द्र तिवारी




# क्या नए राजनीतिक युग की शुरुआत करेंगे अन्नामलाई

तमिलनाडु की राजनीतिक भूमि हमेशा से भारतीय राजनीति के मानचित्र पर एक विशिष्ट और पृथक पहचान बनाए हुए है। देश के अन्य राज्यों के विपरीत यहां राष्ट्रीय विचारधारा वाले दलों की तुलना में क्षेत्रीय अस्मिता और क्षेत्रीय संगठनों का प्रभाव कहीं अधिक गहरा रहा है। बीते अनेक दशकों से द्रविड़ आंदोलन की कोख से निकली राजनीति ने ही इस राज्य की सत्ता की दिशा और दशा को पूरी तरह नियंत्रित और संचालित किया है। इस समय तमिलनाडु के राजनीतिक आकाश में जिस एक नाम को लेकर सबसे अधिक चर्चाएं और कयास लगाए जा रहे हैं, वे हैं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई। पिछले कुछ समय से राज्य के समाचारों और राजनीतिक चर्चाओं में इस बात ने अत्यधिक जोर पकड़ लिया है कि वे अपने वर्तमान दल से नाता तोड़कर एक नए क्षेत्रीय राजनीतिक दल का गठन कर सकते हैं। यद्यपि उन्होंने अभी तक इस विषय में कोई आधिकारिक या स्पष्ट घोषणा नहीं की है, परंतु उनके हालिया वक्तव्य, उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए विज्ञापन पत्र, महत्वपूर्ण बैठकों से उनकी दूरी और जमीनी स्तर पर चल रही संगठनात्मक गतिविधियों ने राज्य की राजनीति को एक नए विमर्श की ओर मोड़ दिया है। इस नए राजनीतिक घटनाक्रम की सुगबुगाहट तब और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी जब कोयंबटूर शहर में अचानक कई प्रमुख स्थानों पर उनके समर्थकों द्वारा बड़े-बड़े विज्ञापन पत्र लगाए गए। सामान्य राजनीतिक विज्ञापनों से सर्वथा भिन्न इन पत्रों पर अंकित संदेश ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें लिखा था कि निडर सोच की कोई सीमा नहीं होती। इस वाक्य को राजनीतिक विश्लेषकों और जनता द्वारा एक बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा गया। इसके तुरंत बाद जनसंचार के आधुनिक माध्यमों और मुख्यधारा की राजनीति में यह बात तेजी से फैल गई कि वे किसी नए और स्वतंत्र राजनीतिक मंच की आधारशिला रखने की तैयारी कर रहे हैं। उनके इस संभावित कदम को तब और बल मिला जब उनके प्रशंसकों और समर्थकों के संगठन, जिसका नाम अन्नामलाई अन्बू कूट्टम है, उसने अचानक अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए नए सदस्यों और पदाधिकारियों को जोड़ना आरंभ कर दिया। इसके साथ ही भीतरखाने से यह समाचार भी आ रहे हैं कि मक्कल शक्ति इयक्कम नाम से एक विशाल जनआंदोलन या सामाजिक संगठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जो आने वाले समय में एक पूर्ण राजनीतिक दल का रूप धारण कर सकता है। वर्ष 2021 में उन्हें तमिलनाडु में दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। बहुत ही अल्प समय में वे राज्य की राजनीति का एक अपरिहार्य और चर्चित चेहरा बनकर उभरे। उनकी संवाद शैली अत्यंत सीधी और सीधे प्रहार करने वाली रही है, जिसके कारण उन्होंने वर्तमान द्रमुक सरकार की नीतियों पर लगातार तीखे हमले किए और अपने दल को राज्य में एक स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में यद्यपि उनका दल राज्य में कोई भी निर्वाचन क्षेत्र जीतने में सफल नहीं हो सका, परंतु उनके नेतृत्व में दल का मत प्रतिशत पहली बार दो अंकों तक पहुंचने में कामयाब रहा, जिसे राज्य की राजनीति में एक बड़ी घटना माना गया। इस सफलता का श्रेय मुख्य रूप से उनकी जनसभाओं और उनके द्वारा आयोजित की गई एन मन्न, एन मक्कल नामक व्यापक यात्रा को दिया गया, जिसने उन्हें युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया। राजनीतिक क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भविष्य के गठबंधनों को बचाने और राजनीतिक संतुलन बहाल करने के लिए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में वर्ष 2025 में उनके स्थान पर नैनार नागेंद्रन को तमिलनाडु में दल की कमान सौंपी गई। पद से हटाए जाने के बाद भी उनके प्रति निष्ठा रखने वाले समर्थकों और युवाओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई, बल्कि उनके समर्थकों ने इसे उनकी राजनीतिक स्वतंत्रता के एक नए अध्याय के रूप में देखा। यही कारण है कि जब हाल के दिनों में उन्होंने दल की दो अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य केंद्रीय समिति की बैठकों से पूरी तरह दूरी बना ली, तो उनके अलग रास्ते पर जाने की अटकलों को अत्यधिक हवा मिली। वर्तमान समय में तमिलनाडु की राजनीति एक बड़े संक्रमण काल से गुजर रही है। आने वाले कुछ दिन निश्चित रूप से इस बात का निर्धारण करेंगे कि तमिलनाडु का राजनीतिक भविष्य किस करवट बैठने वाला है।

( लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आत्मबल पाने ईश्वर के सान्निध्य में जाना होगा



संकलित
**दर्शन**

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।


# साधु संगत से चोर ने चोरी छोड़ी



संकलित
**प्रेरणा**

एक डाकू था, जो लूट पाट करता था। एक बार एक गांव से धन लूटकर वो भाग रहा था कि घोड़े पर से गिर कर घायल हो गया। उसने देखा पास में ही एक साघू की कुटिया है, धन को जमीन मे गाड़कर वो साधु की कुटिया में गया। साधु रात्रि भोजन के लिए ही बैठे थे। दरवाजे पर दस्तक सुन उन्होंने कहा, जो कोई भी है, अन्दर आ जाओ। डाकू अन्दर गया तो साधु ने उसे भी बैठने के लिए आसन दिया, और पहले उसके समक्ष भोजन परोसा, फिर स्वयं लिया। साधु ने उसे भोजन प्रारम्भ करने को कहा- आप अतिथि है इसलिए आप ईश्वर सामान है, आप पहले भोजन आरंभ करे। डाकू को आजतक किसी ने इतने सम्मान से ना कहा था और ना ही खिलाया था। डाकू ने भोजन किया। साधु ने एक चटाई उसके लिए बिछा दी और कहा रात में आप कहां जाइएगा तो यही विश्राम कर लीजिए। डाकू थोड़ा घायल था, तो चलने में उसे तकलीफ़ हो रही थी, जैसे ही साघु को उसके ज़ख्म का पता चला, उसका उपचार करने लगे। कुछ पत्तो को पीसकर उसका रस लेप करके एक कपड़े से उसके ज़ख्म पर बांधा। और सहारा देकर उसे चटाई पर लिटाया। डाकू साधु की उदारता से बहुत प्रभावित हुआ, उसने कहा, बाबा आप कितने संतुष्ट और उदार व्यक्तित्व के स्वामी है। आप में दया की भावना है। क्या आपको कभी धन की लालसा नहीं होती? साधु बोले- धन तो नश्वर है बालक, और जो चीज नष्ट हो जाए उसके लिए लालसा करना विनाश की ओर अग्रसर होना है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खेतों की सेहत की फिक्र जरूरी

हाल ही में कृषि मंत्रालय ने 1 जून से 30 जून तक एक बहुत ही अच्छा अभियान 'खेत बचाओ' चलाया है, जिसका मकसद खेतों की उपजाऊ क्षमता को रासायनिक खादों से होने वाले नुकसानों से बचाना भी है। कहते हैं कि जब जागो, तब सवेरा, लेकिन देर तक सोना हमेशा हानिकारक ही होता है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन बहुत ही निराशाजनक है कि सरकारों की गलत नीतियों और संबंधित विभागों का कृषि के प्रति ढुलमुल रवैया आज खेतों पर भारी पड़ रहा है। उनकी उपजाऊ क्षमता रासायनिक खादों के कारण कम हो रही है। भूमि बंजर होने की आशंका है। सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है कि उसने खेतों की बीमार होती सेहत के लिए खेत बचाओ अभियान चलाया है।

*– नीतू गोयल, रोहतक*

## करंट अफेयर

# अमेरिकी वैज्ञानिकों पर मंकीपॉक्स वायरस की तस्करी का आरोप



अमेरिका की एक सरकारी प्रयोगशाला के दो वैज्ञानिकों पर अफ्रीका से निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां देश में तस्करी करके लाने और मिशिगन के एक हवाई अड्डे पर जांचकर्ताओं से झूठ बोलने का आरोप लगाया गया है। प्राधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डेट्रॉइट की संघीय अदालत में विंसेंट मुंस्टर और क्लॉड क्वे के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई। मुंस्टर, मोंटाना के हैमिल्टन स्थित 'रॉकी माउंटेन लैबोरेटरीज' में वायरस पारिस्थितिकी अनुभाग के प्रमुख हैं और क्वे उनके साथ काम करते हैं। मुंस्टर और क्वे को जनवरी में डेट्रॉइट मेट्रोपॉलिटन हवाई अड्डे पर उस समय रोक लिया गया था, जब वे पेरिस से लौटे थे और उससे पहले कांगो गणराज्य में नौ दिन बिताकर आए थे। मध्य अफ्रीका के विशाल देश कांगो में एमपॉक्स बीमारी के प्रकोप के कारण दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, करीब दो वर्षों से जारी यह प्रकोप अप्रैल में समाप्त घोषित कर दिया गया था। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अदालत में दाखिल दस्तावेज में कहा कि मुंस्टर ने इस बात से इनकार किया था कि वह किसी जैविक सामग्री या नमूने के साथ अमेरिका लौटा है। लेकिन बाद में जांच में पता चला कि दोनों के पास निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां थीं।

## ऑफ बीट

# जब बच्चा डर के कारण पीछे हटे, तो माता-पिता क्या करें?



अगर आपका बच्चा कभी स्कूल के खेल दिवस या दौड़ प्रतियोगिता वाले दिन अड़ियल रवैया अपनाने लगता है, तो आप अकेले नहीं हैं जो इस तरह की चिंता से जूझ रहे हैं। कुछ बच्चों में ऐसे अवसर गहरी चिंता और घबराहट पैदा कर देते हैं। उनके मन में सवाल उठते हैं– अगर मैं सबसे धीमा निकला तो? माता–पिता के लिए ऐसे समय में यह समझना मुश्किल हो सकता है कि क्या किया जाए। बहुत ज्यादा दबाव डालने पर सुबह का माहौल तनावपूर्ण हो सकता है, जबकि बच्चे को छूट देने पर यह चिंता सताती है कि कहीं उसे चुनौतियों से बच निकलना तो नहीं सिखा रहे। ऐसे में क्या कभी बच्चे की इच्छा के अनुसार चलना ठीक है? और अगली बार उसे कोशिश करने का बेहतर अवसर कैसे दिया जाए? जब हम किसी ऐसी चीज से बचते हैं जिससे हमें डर लगता है, तो तुरंत राहत महसूस होती है। यह राहत बहुत असरदार होती है और हमारे मस्तिष्क को यह संदेश देती है कि बचना कारगर रहा। समय के साथ डर और बढ़ जाता है और उससे बचने की प्रवृत्ति भी मजबूत हो जाती है। यह केवल बच्चों के साथ नहीं, बल्कि हम सभी के साथ होता है। इसीलिए सामान्य तौर पर बच्चों के लिए यह बेहतर होता है कि वे अपने डर का सामना जल्द करें, उससे पहले कि उससे बचने की आदत बन जाए।

## ट्रेंड

### डीके शिवकुमार को बधाई



कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर डीके शिवकुमार को हार्दिक बधाई। उन्हें उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। केंद्र सरकार जन कल्याण के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### लोगों की सेवा करते रहेंगे



कर्नाटक के लोगों ने हम पर भरोसा किया और वह भरोसा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्रिपरिषद को हार्दिक बधाई, जो कर्नाटक के लोगों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाएंगे। हम कर्नाटक के लोगों की बात सुनते रहेंगे, उनकी सेवा करते रहेंगे।
**-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

### हर पात्र को लाभ मिले



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से ही 3,000 रुपये की सहायता राशि देने का वादा पूरा किया गया है। जैसे-जैसे फॉर्म मिलते जाएंगे, उनका सत्यापन किया जाएगा व पैसे खातों में अंतरित किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र महिला को यह लाभ मिले।
**-शुभेंदु अधिकारी,** मुख्यमंत्री, बंगाल

### जैविक खेती अपनाएं



मैंने स्वयं जैविक खेती अपनाने का फैसला किया है। मैं चाहती हूं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। पहले साल मुझे नुकसान हो सकता है। मैं अपनी जमीन जोतने जा रही हूं। हर साल 12 दिसंबर को मैं मजदूरों के साथ खेतों में गन्ने की कटाई करूंगी।
**-पंकजा मुंडे,** पर्यावरण मंत्री, महाराष्ट्र

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# फीफा विश्व कप : भारतीय मूल के चार खिलाड़ी दिखाएंगे जलवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लिए फीफा विश्व कप में खेलना अब भी दूर की कौड़ी बनी हुई है लेकिन अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। यह चार खिलाड़ी सरप्रीत सिंह, सैमुअल मौतौसामी, निशान वेलुपिल्ले और तहसीन मोहम्मद हैं, जो फ्रांस के मिडफील्डर विकास धोरासू के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। धोरासू जर्मनी में 2006 के विश्व कप में खेले थे। धोरासू के पूर्वज आंध्र प्रदेश के विजयनगरम की रहने वाले थे। इस सूची में शामिल होने वाले चार अन्य खिलाड़ियों पर एक नजर।



### सरप्रीत सिंह (न्यूजीलैंड)

ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे सरप्रीत 2018 में मुंबई में अंतरमहाद्वीपीय कप के दौरान भारत में भी खेले थे। उन्होंने उसी वर्ष न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण किया था। भारत ने तब खिताब जीता जबकि न्यूजीलैंड चार देशों के इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। इसके एक साल बाद सरप्रीत जर्मन की पहली डिवीजन लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने 2019 में बायर्न म्यूनिख की तरफ से पदार्पण किया। वह ऑस्ट्रेलियाई ए-लीग टीम वेलिंगटन फीनिक्स से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे। सरप्रीत ने 20 जून, 2020 को एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ बायर्न म्यूनिख के लिए अपना पहला सीनियर मैच खेला। वह उस टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019-2020 सत्र में बुंडेसलीगा का खिताब जीता था।

**अमेरिका में 11 जून से शुरू होगा फुटबॉल का महाकुंभ**





### सैमुअल मौतौसामी (कांगो)

मौतौसामी का जन्म फ्रांस में हुआ था। उनकी माता कांगो मूल और पिता तमिल मूल के हैं। 29 वर्षीय मिडफील्डर वर्तमान में यूनान के सुपर लीग क्लब एटरोमिटोस के लिए खेल रहा है। वह कांगो की सीनियर राष्ट्रीय टीम की तरफ से अब तक 57 मैच खेल चुके हैं।

### निशान वेलुपिल्ले (ऑस्ट्रेलिया)

निशान वेलुपिल्ले की मां एंग्लो-इंडियन और पिता श्रीलंकाई मूल के तमिल हैं। यह 25 वर्षीय विंगर ऑस्ट्रेलिया की 26 सदस्यीय टीम के उन 17 खिलाड़ियों में से एक हैं, जो फीफा विश्व कप में अपना पदार्पण करेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष स्तरीय ए-लीग में मेलबर्न विक्ट्री के लिए खेलते हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड के दौरान ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया।



### तहसीन मोहम्मद (कतर)

तहसीन का जन्म दोहा में मलयाली माता-पिता के घर हुआ था, जो 2006 में कन्नूर से कतर चले गए थे। वह 16 जून को 20 साल के हो जाएंगे। तहसीन के पिता जमशेद कालीकट विश्वविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी थे। कतर में अकाउंटेंट जमशेद थालास्सेरी के रहने वाले हैं और उनकी मां श्यामा कन्नूर के पास वालापट्टनम की रहने वाली हैं। तहसीन ने दोहा स्थित एस्पायर अकादमी में अपने फुटबॉल कौशल को निखारा और कतर स्टार्स लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। अभी वह अल दुहैल एससी के लिए खेलते हैं। विंगर तहसीन ने फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफायर ग्रुप मैच के दौरान 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया।

## खबर संक्षेप

### सूर्यकुमार यादव से छिनी टी20 की कप्तानी



**नई दिल्ली।** भारत को अपनी कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जिताने वाले स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटा दिया गया है। इतना ही नहीं, खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्या का अब आगे भारतीय टी20 टीम में चुना जाना भी बेहद मुश्किल नजर आ रहा है। बीसीसीआई ने यह कड़ा और बड़ा फैसला इस महीने के अंत में होने वाले आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी दौरों से ठीक पहले लिया है। बीसीसीआई अब नए विजन के साथ भारतीय टी20 टीम के लिए एक नए कप्तान की नियुक्ति करने जा रही है।

### भारत ने दनादन दागे 25 गोल सिंगापुर को दी शिकस्त



**काकामिगाहारा।** पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत ने महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 25-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसकी कम से कम 10 खिलाड़ियों ने गोल किए, जिनमें नौशीन नाज सबसे आगे रहीं। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही गीताश्री नाम्मी ने पांच गोल किए।

### एशियाई रिले : गुरविंदरवीर करेंगे दल की अगुवाई



**नई दिल्ली।** पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुरविंदरवीर सिंह 20 और 21 जून को चीन के शांग्यू में होने वाली दूसरी एशियाई रिले चैंपियनशिप में भारत की 29 सदस्यीय मजबूत टीम की अगुआई करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बहादुर सिंह ने बताया कि एएफआई की चुनी भारतीय टीम के सदस्य सभी छह रिले स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, 'चीन में होने वाली यह प्रतियोगिता एथलीटों के लिए महाद्वीपीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मौका होगी।'

**महिला टी20 : इंग्लैंड ने जीती सीरीज,कैप्सी और नाइट ने जड़ा अर्धशतक**

# चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाकर हारी टीम इंडिया हरमनप्रीत ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| टॉंटन

एलिस कैप्सी की 82 रन की तूफानी पारी और हीथर नाइट की नाबाद 70 रन की सधी पारी की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 6 विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर 5 विकेट पर 180 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (11) और स्मृति मंधाना (08) के जल्दी आउट होने के बाद भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंद पर 7 चौकों की मदद से नाबाद 56 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत के अलावा ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (24 गेंद पर नाबाद 32), यास्तिका भाटिया (18 गेंद पर 32) और जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंद पर 29) ने भी उपयोगी योगदान देकर भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कैप्सी और नाइट की शानदार पारियों के कारण यह स्कोर पर्याप्त साबित नहीं हुआ तथा इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



### कैप्सी और नाइट ने की 137 रन की साझेदारी

अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ ने भारत की तरफ से दो-दो विकेट लिए। इन दोनों की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 38 रन था। कैप्सी और नाइट ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड इस प्रारुप में अपना दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। भारत को इस हार के बाद महिला टी20 विश्व कप से पहले अपने कमजोर पक्षों में सुधार करने की जरूरत होगी। भारतीय टीम विश्व कप में अपनी पहले मैच में 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान का सामना करेगी।

### इंग्लैंड ने पावर प्ले गंवाए 3 विकेट

इंग्लैंड ने पावर प्ले के दौरान ही सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकली (16), डैनी व्याट-हॉज (05) और एमी जोन्स (02) के विकेट गंवा दिए थे। टीम में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके देते हुए हॉज और जोन्स को आउट किया। हॉज एक बेहतरीन गेंद पर आउट हुईं, जो अंदर की ओर स्विंग होकर उनके स्टंप्स को झकझोर गई। इसके बाद कैप्सी और नाइट ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। कैप्सी ने अपनी 43 गेंदों की पारी में 9 चौके और 3 छक्के लगाए जबकि नाइट की 42 गेंदों की पारी में 10 चौके शामिल हैं।

### सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बनीं हरमनप्रीत

हरमनप्रीत कौर ने विश्व कीर्तिमान बनाया है। न्यूजीलैंड की खिलाड़ी सुजी बेट्स को पछाड़कर कौर सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इंग्लैड के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में जैसे ही कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर उतरीं, उन्होंने इतिहास रच दिया। अब वे तीनों फॉर्मेट को मिलकर सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन चुकी हैं। हरमनप्रीत का ये 368वां मैच था। इससे पहले न्यूजीलैंड की सुजी वेट्स ने 367 मैच खेले थे।

### हम विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम महिला टी20 विश्व कप में अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट है तथा वह इससे पहले दो अभ्यास मैच का उपयोग कुछ और संयोजन आजमाने तथा राधा यादव और भारती फुलमाली जैसी खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए करेगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'मेरा मानना है कि हम अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। विश्व कप से पहले हमें दो अभ्यास मैच खेलने हैं, जिनमें हम अन्य संयोजनों को आजमाने के बारे में सोच सकते हैं।'

### नहीं कर पाए डॉट गेंद, विश्व कप में नहीं करेंगे ऐसी गलती : स्मृति

स्मृति मंधाना ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनके गेंदबाज पर्याप्त 'डॉट' गेंद नहीं कर पाए जिससे उन्हें 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

**नॉर्वे चेस**

# 7 दिन में दूसरी बार प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नं-1 कार्लसन को हराया



एजेंसी ▶▶| ओस्लो

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल बाजी में उन्हें दूसरी बार हराया और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहले भारतीय चैंपियन बनने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया। विश्व चैंपियन डी गुकेश की खिताब जीतने की उम्मीदें आठवें दौर में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेज़ा फ़िरोजा से एक और करारी हार के बाद खत्म हो गईं। वह 8 अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर आ गए हैं। इस तरह से गुकेश का 2024 में विश्व चैंपियन बनने के बाद खराब प्रदर्शन जारी है।

### 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंद

प्रज्ञानानंदा इस वर्ष क्लासिकल बाजी में कार्लसन को दो बार हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस एलीट डबल राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में उन्होंने पहले भी कार्लसन को क्लासिकल बाजी में हराया था। इस जीत से 20 वर्षीय प्रज्ञानानंदा के 12 अंक हो गए और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ इस हार से कार्लसन की आठवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। अब केवल दो राउंड का खेल बचा हुआ है और ऐसे में मौजूदा चैंपियन कार्लसन के लिए खिताब बचाना आसान नहीं होगा।

### क्लासिकल बाजी में हारी दिव्या

महिला वर्ग में कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा ने दिव्या देशमुख को क्लासिकल बाजी में हराकर खिताब की दौड़ में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। चीन की झू जिनर ने भी क्लासिकल में जीत हासिल की। उन्होंने मौजूदा महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन को हराकर 10 अंक के साथ दिव्या की बराबरी कर ली। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुजिचुक और कोनेरू हम्पी ने अपना क्लासिकल गेम ड्रॉ किया। इसके बाद आर्मागेडन टाईब्रेक भी ड्रॉ रहने से हम्पी को बोनस अंक मिल गया क्योंकि वह काले मोहरों से खेल रही थी।

**फ्रेंच ओपन**

## 6 साल में 5वीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव

एजेंसी ▶▶| पेरिस



दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने युवा खिलाड़ी राफेल जोडर पर 7-6 (3) 6-1 6-3 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फ्रेंच ओपन में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। इसी के साथ वह 6 साल में पांचवीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। ज्वेरेव को कोर्ट पर पहले सेट में 19 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी जोडर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 29 साल के ज्वेरेव बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2 घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की।

### शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस।** दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में डायना श्नाइडर के खिलाफ पहला सेट जीतने के बावजूद तीन सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका को क्वार्टर फाइनल में श्नाइडर के खिलाफ 3-6, 7-5, 6-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**इंडोनेशिया ओपन**

## प्री क्वार्टर फाइनल में आयुष सात्विक-चिराग मैच से हटे



**जकार्ता।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मैच के बीच से हट गई। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने इस सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी चीन के होंग येंग चेंग को 8-21, 22-20, 21-15 से हराया। पहले गेम में करारी हार के बाद 21 साल के आयुष ने दूसरे गेम में 11-15 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा। आयुष ने तीसरे और निर्णायक गेम में पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया, जहां उनकी भिड़ंत हांगकांग के ली च्युक यू से होगी।

# 6 साल बाद न्यूजीलैंड जाएगी टीम इंडिया खेलेंगी 5 टी20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, जहां वह 2 टेस्ट, 5 एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इस तरह से यह न्यूजीलैंड में भारत की अब तक की सबसे बड़ी पुरुष द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला होगी। यह पहला अवसर होगा जबकि कोई टीम न्यूजीलैंड में तीनों प्रारुप में कुल मिलाकर 12 मैच खेलेगी।

यह श्रृंखला दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खेली जाएगी। इस 40 दिवसीय दौरे की शुरुआत 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला होगी, जिसका पहला मैच 4 नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।



### टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन में

*टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व में होगी। दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक खेला जाएगा। भारत 2019-20 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। तब से न्यूजीलैंड ने भारत का दो बार दौरा किया है, जिसमें उनका 2024-25 का ऐतिहासिक दौरा भी शामिल है, जब उसने टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।*

**भारत-अफगानिस्तान एक मात्र टेस्ट मैच 6 जून से**

# सिराज-प्रसिद्ध ने भीषण गर्मी में किया जमकर अभ्यास

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले बुधवार को भीषण गर्मी के बावजूद लगभग 25 मिनट तक जमकर अभ्यास किया। इस एकमात्र टेस्ट मैच के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 मैच की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी।

इंडियन प्रीमियर लीग में दो महीने तक व्यस्त रहने के बाद गेंदबाजों के कार्यभार को लेकर कुछ सवाल उठ रहे थे, लेकिन चिलचिलाती धूप में सिराज की शानदार गेंदबाजी से स्पष्ट हो गया कि इस सीनियर तेज गेंदबाज की फिटनेस को लेकर किसी तरह की चिंता नहीं है। अगर सिराज फिट नहीं होते तो उनके लिए चिलचिलाती धूप में अपनी पूरी ताकत से गेंदबाजी करना आसान नहीं होता। लेकिन उनकी गेंदबाजी को देखकर लगता है कि वह इस टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।



### नेट प्रैक्टिस में बराड़ ने किया ध्यान आकर्षित

अभ्यास सत्र के दौरान 6 फुट 5 इंच लंबे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने अच्छी लेंथ से तेज उछाल हासिल की। कम से कम दो मौकों पर उनकी गेंद केएल राहुल के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पीछे गई। राहुल इसके अलावा अभ्यास के दौरान तकनीकी रूप से काफी कुशल नजर आए। जम्मू और कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी डार ने कई चरणों में गेंदबाजी की। उन्होंने भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। नबी ने अपनी लाइन और लेंथ को बनाए रखते हुए अच्छा नियंत्रण बनाए रखा।

### हर्ष दुबे और मानव सुथार ने की नेट में गेंदबाजी

इस सत्र का एक उल्लेखनीय पहलू बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे को बल्लेबाजी करने का अधिक समय देना रहा। इससे पता चलता है की टीम प्रबंधन उनकी ऑलराउंड क्षमता का उपयोग करने के लिए उत्सुक है। दुबे और बाएं हाथ के स्पिनर के स्थान के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी मानव सुथार ने पास-पास के नेट में गेंदबाजी की। इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर उन पर करीबी नजर रखे हुए थे। कप्तान शुभमन गिल समेत सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने प्रिंस यादव समेत रिजर्व गेंदबाजों के खिलाफ नेट पर अच्छा खासा समय बिताया।

**चीनी ताइपे को हराकर सेमीफाइनल में भारत का कामिगा हारा।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को अपने आखिरी पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और अंडर-18 एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने कजाखस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल मैच खत्म किए जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा।

बिहार सरकार

**न्यायालय उप समाहर्त्ता कार्यालय, मुजफ्फरपुर पूर्वी**

e-mail:-dclreast.muz123@gmail.com, Mob:-+91 9031671438

**(आम सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (संशोधित, 2022) में जप्त निम्नलिखित वाहन विभिन्न थानों में रखे हुए है। ये ऐसे वाहन है जिसके वाहन स्वामी को नोटिस भेजे जाने के पश्चात भी न तो वाहन स्वामी उपस्थित हुए है, न ही उनके अधिवक्ता द्वारा जवाब दाखिल किया गया है।

अतः निम्नलिखित वाहनों के स्वामी/दावेदार को सूचित किया जाता है कि वे कॉलम–8 में अंकित तिथि को न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर पूर्वी के न्यायालय में वाहन विमुक्ति हेतु अपनी हाजरी एवं जवाब दाखिल कर सुनवाई में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो अन्यथा निर्धारित तिथि के उपरांत संबंधित वाहन का अधिहरण कर उसकी नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

राज्य–हरियाणा

| क्र० | अधिहरण वाद सं०/वर्ष | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन निबंधन संख्या | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | वाद की सुनवाई की निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 159/2023-24 | अहियापुर | 1076/23 | ट्रक | HR63E-2556 | सचिन, पिता–राजवीर, साकिन–नोगनवा 143, झांझर, हरियाणा। | 16.06.2026 17.06.2026 18.06.2026 |

PR. No. 004890 (Excise) 2026-27

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर पूर्वी

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**




## खबर संक्षेप

### थाईलैंड के पूर्व पीएम को मिली शाही माफी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा ने शाही माफी मिलने के बाद अपनी जेल की सजा



से जुड़ी सभी कानूनी जिम्मेदारियां पूरी कर ली हैं। उनकी पैरोल समय से पहले समाप्त कर दी गई। 76 वर्षीय नेता 2001 से 2006 तक पीएम रहे थे और सैन्य तख्तापलट के बाद लंबे समय तक निर्वासन में रहे थे।

### जैसलमेर में पाक सिम कार्ड पर पूर्ण प्रतिबंध

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर कारणों का हवाला देते हुए सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तानी सिम कार्ड के इस्तेमाल और पास रखने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अनुपमा जोरवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है।

### इंग्लैंड में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन की रॉयल नेवी ने बुधवार कहा कि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उसके तीन सदस्यों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर इंग्लैंड के डेवन काउंटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नौसेना प्रमुख जनरल ग्विन जेनकिंस ने कहा कि रॉयल नेवी का 'मर्लिन एमके4' हेलिकॉप्टर सुबह सोर्टन, डेवोन के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी राजदूत गोर का बड़ा बयान

# अंतिम चरण में डील, अब सिर्फ एक प्रतिशत काम बाकी, दोनों देशों को मिलेगा 'फायदा'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को लेकर भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बड़ा बयान दिया है। मुंबई में आयोजित सिटी 2026 इंडिया कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अब केवल एक प्रतिशत काम बाकी है।

दोनों देश इस समझौते को लेकर बेहद आशावादी हैं और यह डील भारत और अमेरिका दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित होगी। उन्होंने कहा कि कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह साझेदारी आने वाले समय में दुनिया की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी विदेश

■ यह साझेदारी भविष्य में दुनिया की दिशा तय करेगी

मंत्री मार्को रूबियो का चार दिनों तक भारत दौरे पर रहना इस रिश्ते की गंभीरता और गहराई को दिखाता है। गोर ने कहा कि अमेरिका भारत को रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और दोनों देशों के बीच लगातार भरोसा मजबूत हो रहा है।

> सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का चार दिनों तक भारत दौरे पर रहना इस रिश्ते की गंभीरता और गहराई को दिखाता है। अमेरिका भारत को रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और दोनों देशों के बीच लगातार भरोसा मजबूत हो रहा है

समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

आपसी निवेश से रोजगार और उद्योगों को लाभ होगा




मुंबई में कार्यक्रम को संबोधित करते अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

### भारत पर 12.5 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की तैयारी में यूएस

अमेरिका एक तरफ भारत के साथ व्यापार वार्ता कर रहा है और दूसरी ओर भारतीय आयात पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की तैयारी में है। यूएस ट्रेड रिप्रजेंटेटिव के मुताबिक भारतीय आयात पर 12.5 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया जा सकता है। भारत के साथ-साथ 53 और देशों पर भी यह टैरिफ लगाया जा सकता है। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब अमेरिका और भारत के बीच नई दिल्ली में व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। यूएस ट्रेड रिप्रजेंटेटिव ने सेक्शन 301 के तहत की गई 60 जांचों के नतीजे जारी किए। इसमें कहा गया है कि भारत और 53 अन्य देशों के पास उन वस्तुओं के आयात को प्रतिबंधित करने या प्रभावी ढंग से रोकने के लिए पर्याप्त उपाय मौजूद नहीं हैं।

### अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश कर रहीं

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौता दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते निवेश से रोजगार, तकनीक और उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा। अमेरिका की कई बड़ी कंपनियां भारत में भारी निवेश कर रही हैं, जिससे भारत की डिजिटल और तकनीकी ताकत और बढ़ेगी। भारत और अमेरिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल टेक्नोलॉजी और दवा उद्योग में मिलकर काम कर रहे हैं।

### दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने की पहल


गोर ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2025 में ट्रस्ट पहल शुरू की थी। इसका मकसद रणनीतिक तकनीकों, एआई विकास और भरोसेमंद सप्लाई चेन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली करीब 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं भारत से जाती हैं। दोनों देश नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में इस क्षेत्र में सहयोग और मजबूत होगा।

### क्रिटिकल मिनरल्स फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर

सर्जियो गोर ने बताया कि भारत और अमेरिका ने हाल ही में क्रिटिकल मिनरल्स फ्रेमवर्क पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद ऊर्जा और उन्नत तकनीक के लिए जरूरी खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना चाहते हैं किसी एक देश के दबदबे पर निर्भरता कम हो। दोनों देश ऐसे नेटवर्क तैयार कर रहे हैं जो बाजार में दबाव और एकाधिकार की स्थिति को कमजोर कर सकें।

भारत-नेपाल की मित्रता और गहरी होगी

## पीएम मोदी ने लामिछाने से की भेंट, सहयोग को बढ़ाएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी) के अध्यक्ष रबि लामिछाने से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने साझा समृद्धि, विकास और क्षेत्रीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पीएम ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि रबि लामिछाने के मुलाकात कर बहुत प्रसन्नता हुई।

### कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं, जिन्हें और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। भारत और नेपाल के बीच सहयोग केवल राजनीतिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, शिक्षा, पर्यटन और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल के साथ घनिष्ठ सहयोग आने वाले समय में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक व्यापक तथा मजबूत बना सकता है।

## आर्थिक मजबूती के लिए उद्योग व्यापार, निवेश बढ़ाने पर ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-किर्गिस्तान के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से राजधानी बिश्केक में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत की ओर से वरिष्ठ प्रतिनिधियों और किर्गिस्तान सरकार के अर्थव्यवस्था एवं वाणिज्य मंत्री बैकिट सिडिकोव के बीच व्यापार, उद्योग और निवेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि



कुमारस्वामी और बैकिट सिडिकोव

दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। कुमारस्वामी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक और सकारात्मक माहौल में हुई, जिसमें भविष्य में सहयोग के कई नए क्षेत्रों पर विचार किया गया।




## 290 से अधिक संदिग्ध बांग्लादेशी पुलिस हिरासत में, पूछताछ जारी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से 290 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। देर रात चलाए गए एक बड़े अभियान में अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने चंडोला, गुलाबनगर और खोडियारनगर क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 290 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया। इनमें से 131 लोगों की पहचान अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के



रूप में की गई है। जबकि करीब 160 अन्य संदिग्धों से सघन पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस द्वारा पूरे शहर में लोगों के दस्तावेजों का सत्यापन और प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है तथा सभी संदिग्धों की पहचान और नागरिकता संबंधी विवरणों का सत्यापन किया जा रहा है।

## महाराष्ट्र में तीसरी पर्वतीय सुरंग का निर्माण सफलतापूर्वक हुआ पूरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि के रूप में महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानू तालुका के अंबेसारी गांव में तीसरी पर्वतीय सुरंग (एमटी-07) का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना उन्नत सुरंग,



निगरानी और निर्माण प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा दे रही है। रेल मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।

## सोना बेचने के सारे दावे फर्जी 880.52 टन स्वर्ण भंडार सेफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने उन मीडिया रिपोर्टों को पूरी तरह खारिज और भ्रामक करार दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने अपने गोल्ड रिजर्व (स्वर्ण भंडार) का एक हिस्सा बेच दिया है। आरबीआई ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उसके पास मौजूद भौतिक सोने का भंडार पहले की तरह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है और इसमें किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस मामले पर पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने भी तुरंत स्पष्टीकरण जारी किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28